दृष्टि The Vision

# डेली करेंट क्विज़

## (संग्रह)



## अप्रैल भाग-2
## 2021

दृष्टि, 641, प्रथम तल, डॉ. मुखर्जी नगर, दिल्ली-110009

फोन: 8750187501

ई-मेल: online@groupdrishti.com

## प्रश्न भाग-2

1. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

   1. एडेनोवायरस DNA वायरस हैं जो मनुष्यों में सर्दी और श्वसन संबंधी संक्रमण जैसी कई बीमारियों को प्रेरित करते हैं।
   2. इसे जीन या वैक्सीन एंटीजन की 'टारगेट होस्ट टिश्यू' में पहुँचाने के लिये एक उपकरण के रूप में उपयोग किया जाता है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

2. निम्नलिखित में से किस/किन पत्रिका/पत्रिकाओं का प्रकाशन डॉ.बी.आर अंबेडकर द्वारा किया गया?

   1. मूकनायक
   2. बहिष्कृत भारत
   3. समता

   नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

   A. केवल 1 और 2
   B. केवल 2 और 3
   C. केवल 1
   D. 1, 2और 3

3. हाल ही में समाचारों में देखा गया नैरो-लाइन सीफर्ट-1 (NLS-1) पद किससे संबंधित है?

   A. नई सक्रिय आकाशगंगा
   B. पृथ्वी के पास क्षुद्रग्रह
   C. मंगल पर क्रेटर
   D. क्विपर बेल्ट में ग्रह

4. भारत में मुद्रा के मूल्यह्रास के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

   1. मुद्रा के मूल्यह्रास के कारण किसी देश की निर्यात गतिविधि बढ़ जाती है।
   2. इसके परिणामस्वरूप भारत से व्यापार करने महँगा हो जाता है।
   3. अनिवासी भारतीयों (NRIs) से प्रेषण प्राप्त करने वाले लोगों को इससे लाभ होता है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

   A. केवल 2 और 3
   B. केवल 1 और 2
   C. केवल 1 और 3
   D. 1, 2 और 3

5. भारत में बंधुआ मज़दूरी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये: :

   1. बंधुआ मज़दूरी प्रचलित बाज़ार मज़दूरी और कानूनी न्यूनतम मज़दूरी से कम है।
   2. भारतीय संविधान का अनुच्छेद 23 बंधुआ मज़दूरी पर प्रतिबंध लगाता है।

**नोट :**

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

6. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. 'इंटरनेट एक्सचेंज प्वाइंट' एक ऐसी सुविधा है जो इंटरनेट सेवा प्रदाताओं को आपस में मिलाने और ट्रैफ़िक का आदान-प्रदान करने की अनुमति देती है।
2. 'भारत का राष्ट्रीय इंटरनेट एक्सचेंज' डोमेन कोड के नाम, इंटरनेट एक्सचेंज और इंटरनेट प्रोटोकॉल का प्रबंधन करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

7. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह विश्व की दूसरी सबसे बड़ा लैगून झील है।
2. यह रामसर कन्वेंशन के तहत प्रथम भारतीय आर्द्रभूमि के रूप में नामित है।
3. यह भारत के पूर्वी तट पर स्थित है।

उपरोक्त कथन निम्नलिखित में से किस झील का सर्वोत्तम वर्णन करते हैं ?

A. चिल्का

B. कोलेरू

C. वेम्बनाड

D. केयबुल लामजाओ

8. वृहद एवं प्रगतिशील ट्रांस-पैसिफिक भागीदारी(CPTPP) समझौते के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :

1. यह आसियान( ASEAN) देशों द्वारा हस्ताक्षरित दुनिया का सबसे बड़ा मुक्त व्यापार समझौता (FTA) है।
2. भारत CPTPP का सदस्य राष्ट्र नहीं है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

9. टेरोसॉरस (Pterosaur) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. टेरोसॉरस प्रजाति सरीसृप वर्ग के अंतर्गत आती है, जो कि डायनासोर वर्ग से संबंधित है।
2. टेरोसॉरस कीटों के बाद ये पहले ऐसे जानवर हैं जो उड़ने में सक्षम हैं।
3. हाल ही में खोजा गया मंकीडक्टाइल जीवाश्म टेरोसॉरस प्रजाति का है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

नोट :

10. आहार क्रांति मिशन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे भारत और विश्व में बहुतायत में भूख तथा बीमारियों की गंभीर समस्या का समाधान करने के लिये तैयार किया गया है।
2. इस कार्यक्रम में शिक्षकों के प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, जो प्रशिक्षण के बाद अनेक छात्रों को इस कार्यक्रम का संदेश देंगे।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 न ही 2

11. आवागमन की स्वतंत्रता के अधिकार के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारतीय संविधान का अनुच्छेद 19 देश में स्वतंत्र रूप से आने जाने का अधिकार प्रदान करता है।
2. यह भारत के नागरिकों, विदेशियों और कानूनी व्यक्तियों जैसे कंपनियों के लिये उपलब्ध है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

12. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह RBI का एक केंद्रीयकृत भुगतान प्रणाली है।
2. इस प्रणाली के तहत एक निश्चित समय सीमा तक प्राप्त सभी लेन-देनों का निपटान एक साथ या बैचेज़ (Batches) के रूप किया जाता है।
3. इसका उपयोग आमतौर पर 2 लाख रुपए तक के फंड ट्रांसफर के लिये किया जाता है।

उपर्युक्त कथन निम्नलिखित में से किस भुगतान प्रणाली का सटीक वर्णन करते हैं?

A. नेशनल इलेक्ट्रॉनिक फंड ट्रांसफर (NEFT) सिस्टम
B. रियल टाइम ग्रॉस सेटलमेंट सिस्टम (RTGS)
C. चेक ट्रंकेशन सिस्टम (CTS)
D. एक्सप्रेस चेक क्लियरिंग सिस्टम (ECCS)

13. बच्चों में मल्टी-सिस्टम इंफ्लेमेटरी सिंड्रोम (MIS-C) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह बच्चों और किशोरों में एक दुर्लभ लेकिन गंभीर बीमारी है जो आमतौर पर कोविड-19 संक्रमण के 2-6 सप्ताह बाद होती है।
2. MIS-C सिंड्रोम वाले युवाओं में मतिभ्रम और भ्रम जैसे न्यूरोलॉजिकल लक्षण हो सकते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

14. अमेरिका की 'करेंसी मैनिपुलेटर्स वॉच लिस्ट' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. किसी देश द्वारा दूसरे देश की तुलना में अनुचित लाभ प्राप्त करने के लिये अपनी मुद्रा के मूल्य को कृत्रिम रूप से बढाने पर वह इस सूची में शामिल हो सकता है।
2. भारत इस सूची से लगातार दो वर्षों से बाहर है।

नोट :

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

15. अल्ट्रा-व्हाइट पेंट के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) द्वारा विकसित किया गया है।
2. यह स्वय पर पड़ने वाले सूर्य प्रकाश की 99 प्रतिशत मात्रा को परावर्तित करता है। पूरी तरह से धूप में होने के बावजूद भी इसकी सतह अपने आस-पास के परिवेश की तुलना में अधिक ठंडी होती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2

D. न तो 1 और न ही 2

16. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ग्रेट इंडियन बस्टर्ड (GIB) राजस्थान का राजकीय पक्षी है।
2. ग्रेट इंडियन बस्टर्ड केवल राजस्थान और गुजरात तक ही सीमित है।
3. GIB को IUCN की रेड लिस्ट में गंभीर रूप से संकटग्रस्त रूप में सूचीबद्ध किया गया है।

उपरोक्त कथनों में से कौन सा-से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

17. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. साइबेरिया में स्थित बैकाल झील दुनिया की सबसे गहरी झील है ।
2. बैकाल-GVD टेलीस्कोप दुनिया के तीन सबसे बड़े न्यूट्रिनो डिटेक्टरों में से एक है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

18. कलिंग वास्तुकला के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. मंदिर निर्माण की कलिंग शैली, नागर शैली के अंतर्गत आती है।
2. मंदिर के गर्भगृह को जगमोहन कहा जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

19. 'नोंगखिल्लेम वन्यजीव अभयारण्य' कहाँ स्थित है?

A. नगालैंड

B. असम

C. मेघालय

D. त्रिपुरा

20. आदित्य-एल 1 मिशन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह सूर्य का अध्ययन करने वाला भारत का पहला वैज्ञानिक अभियान है।
2. इसे ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान विन्यास से लॉन्च किया गया था।
3. इसे ध्रुवीय सूर्य-समकालिक कक्षा में स्थापित किया जाएगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

A. केवल 2 और 3

B. केवल 1 और 2

C. केवल 1 और 3

D. 1,2 और 3

21. ध्रुव MK-III के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक स्वदेशी रूप से विकसित एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर (ALH) है।
2. यह एयरक्राफ्ट रात में कम दृश्यता के दौरान भी खोज और बचाव कार्यों को करने में सक्षम होगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

22. 'क्यूबा' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह उत्तर में प्रशांत महासागर और दक्षिण में अटलांटिक महासागर से घिरा हुआ है।
2. यह अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन का एक सदस्य राष्ट्र है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

23. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ला सॉफरियर ज्वालामुखी कैरिबियन द्वीप के सेंट विन्सेंट पर स्थित एक सक्रिय स्ट्रैटो ज्वालामुखी है।
2. खड़ी संरचना और एक निश्चित अवधि पर विस्फोटक उद्गार का होना स्ट्रैटो ज्वालामुखी की मुख्य विशेषताएँ हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/ हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2

D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

24. राष्ट्रीय जलवायु भेद्यता आकलन रिपोर्ट के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यह रिपोर्ट जलवायु परिवर्तन पर राष्ट्रीय कार्य योजना मिशन का एक भाग है।
   2. रिपोर्ट के मुताबिक जलवायु परिवर्तन की दृष्टि से असम, बिहार और झारखंड अत्यधिक संवेदनशील राज्य हैं।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

25. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. ब्रू को मिज़ोरम में विशेष रूप से कमज़ोर जनजातीय समूह (PVTGs) के रूप में मान्यता प्राप्त है।
   2. ब्रू जिसे रियांग भी कहा जाता है, पूर्वोत्तर राज्यों त्रिपुरा, असम, मणिपुर और मिज़ोरम में फैले हुए हैं।
   3. आदिम जनजातीय समूह (PTGs) का गठन धेबर आयोग की सिफारिश पर किया गया था।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   A. केवल 1 और 2
   B. केवल 2 और 3
   C. केवल 2
   D.1, 2 और 3

26. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक एक द्विवार्षिक प्रकाशित सूचकांक है जो पत्रकारिता की गुणवत्ता का सूचक है।
   2. विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक, 2021 में स्विट्ज़रलैंड शीर्ष स्थान पर है।
   3. प्रेस की स्वतंत्रता को भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19 के तहत संरक्षित किया गया है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   A. केवल 1 और 2
   B. केवल 2 और 3
   C. केवल 3
   D. 1, 2 और 3

27. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. आनुवंशिक रूप से संशोधित जीवों (GMOs) को पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 के तहत विनियमित किया जाता है।
   2. जेनेटिक इंजीनियरिंग मूल्यांकन समिति (GEAC), आनुवंशिक रूप से संशोधित बीजों के वाणिज्यिक उपयोग को स्वीकृति देने हेतु स्थापित भारत का सर्वोच्च नियामक है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

28. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यह कन्वेंशन एक अंतर्राष्ट्रीय संधि है जो स्वतंत्र राज्यों के बीच राजनयिक संबंधों को परिभाषित करती है।
   2. इस कन्वेंशन के अनुच्छेद-36 में कहा गया है कि मेज़बान देश में गिरफ्तार या हिरासत में लिये गए विदेशी नागरिकों की गिरफ्तारी की सूचना के संबंध में उनके दूतावास या वाणिज्य दूतावास को बिना देरी के नोटिस दिया जाना चाहिये।
   3. भारत ने कुलभूषण जाधव मामले में इस कन्वेंशन के माध्यम से प्रदान की गई राजनयिक पहुँच की सुविधा प्रदान करने से इनकार करने के संबंध में पाकिस्तान के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय का दरवाजा खटखटाया।

उपर्युक्त कथन निम्नलिखित में से किस अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन का उपयुक्त वर्णन करते हैं?

A. न्यूयॉर्क कन्वेंशन

B. जिनेवा कन्वेंशन

C. हेग कन्वेंशन

D. वियना कन्वेंशन

29. "रिस्पॉन्ड प्रोग्राम" के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस प्रोग्राम को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) द्वारा शुरू किया गया था।
2. यह शिक्षाविदों को विभिन्न अंतरिक्ष संबंधी अनुसंधान गतिविधियों में भाग लेने और योगदान देने के लिये प्रोत्साहित करने हेतु एक शोध प्रायोजन कार्यक्रम है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 न ही 2

30. स्टार्टअप इंडिया सीड फंड योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. जो स्टार्टअप केंद्र या राज्य सरकार की किसी अन्य योजना के तहत मौद्रिक सहायता प्राप्त कर रहे हैं वे इस योजना के पात्र होंगे।
2. इस योजना की शुरुआत उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग (DPIIT) द्वारा की गई है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

31. 'जेंडर बायस एंड इनक्लूज़न इन एडवरटाइज़िंग इन इंडिया रिपोर्ट' निम्नलिखित में से किसके द्वारा जारी की गई है?

A. संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ-UNICEF)

B. संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (UNESCO)

C. संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (UNHRC)

D. लैंगिक समानता और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिये संयुक्त राष्ट्र इकाई (UN Women)

32. 'बोआओ फोरम फॉर एशिया' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये।

1. BFA का वार्षिक सम्मेलन चीन में आयोजित किया जाता है।
2. भारत BFA का सदस्य है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

33. कोयला गैसीकरण के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह कोयले को सिनगैस में परिवर्तित करने की प्रक्रिया है।
2. कोयले से प्राप्त हाइड्रोजन गैसीकरण का उपयोग विभिन्न उद्देश्यों के लिये किया जा सकता है जैसे कि अमोनिया बनाने से हाइड्रोजन अर्थव्यवस्था में बढ़ोतरी होगी।
3. भारत ने कोयला गैसीकरण के लिये कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं किया है।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 2 और 3
B. केवल 1 और 2
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

34. भारत में धार्मिक स्वतंत्रता के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारतीय संविधान का अनुच्छेद 25 अंत:करण एवं धर्म को अबाध रूप से मानने, आचरण करने और प्रचार करने की स्वतंत्रता प्रदान करता है।
2. भारतीय संविधान का अनुच्छेद 26 किसी विशिष्ट धर्म की अभिवृद्धि हेतु करों के संदाय संबंधी स्वतंत्रता प्रदान करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 न ही 2

35. 'ग्लोबल यूथ मोबिलाइज़ेशन' पहल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह पहल कोरोना महामारी से प्रभावित समुदायों के युवाओं के लिये शुरू की गई है।
2. इस पहल को विश्व स्वास्थ्य संगठन और संयुक्त राष्ट्र संगठन का समर्थन प्राप्त है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 न ही 2

36. आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के विषय में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह अधिनियम आपदा प्रबंधन के लिये राष्ट्रीय, राज्य और ज़िला स्तरों पर संस्थानों की एक व्यवस्थित संरचना रखता है।
2. यह अधिनियम समग्र राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन को संचालित करने के लिये गृह मंत्रालय को नोडल मंत्रालय के रूप में अधिकृत करता है।
3. राष्ट्रीय कार्यकारी समिति (NEC) आपदाओं के प्रति समय पर और प्रभावी प्रतिक्रिया के लिये नीतियाँ, योजनाएँ तथा दिशा-निर्देश तैयार करने हेतु यह एक शीर्ष निकाय है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

37. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन एवं मधु मिशन (NBHM) एक केंद्रीय क्षेत्रक योजना है।
2. इस मिशन को 'राष्ट्रीय मधुमक्खी बोर्ड' के माध्यम से क्रियान्वित किया जा रहा है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

38. एआईएम-प्राइम (AIM-PRIME) कार्यक्रम के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह कार्यक्रम प्रशिक्षण और मार्गदर्शन के माध्यम से विज्ञान आधारित, ठोस प्रौद्योगिकी विचारों को बढ़ावा देता है।
2. इस राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम को विश्व बैंक के सहयोग से अटल इनोवेशन मिशन द्वारा लॉन्च किया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 न ही 2

39. मुख्य रूप से मवेशियों, सूअर, बकरियों, भेड़ों और कुत्तों को संक्रमित करने वाला ब्रुसेलोसिस नामक जूनोटिक संक्रमण है:

A. वायरस रोग
B. जीवाणु रोग
C. परजीवी रोग
D. प्रोटोजोआ रोग

40. ब्लू फ्लैग प्रमाणन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ब्लू फ्लैग प्रमाणन हेतु अर्हता प्राप्त करने के लिये सभी मानदंडों को पूरा किया जाना अनिवार्य है।
2. ब्लू फ्लैग तट को विश्व का सबसे स्वच्छ समुद्र तट माना जाता है।
3. ओडिशा का गोल्डन समुद्र तट और केरल का कप्पड़ समुद्र तट केवल ऐसे दो भारतीय समुद्र तट हैं जिन्हें ब्लू फ्लैग प्रमाणन प्राप्त हुआ है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

41. 'शीप पॉक्स' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे 'हॉग हैजा' के नाम से भी जाना जाता है।
2. इस वायरस का संबंध 'गांठदार त्वचा रोग' (lumpy Skin Disease) के वायरस से भी है।
3. यह बीमारी केवल एशिया तक सीमित है।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 1 और 3
D. केवल 2 और 3

42. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. 'सूक्ष्म वित्त संस्थाएँ' उन लोगों को छोटे ऋण प्रदान करती ,हैं जो समाज के वंचित और कमज़ोर वर्गों से हैं तथा जिनके पास बैंकिंग सुविधाओं तक पहुँच उपलब्ध नहीं है।
2. भारत में 5 लाख रुपए से कम के सभी ऋणों को माइक्रोलोन या सूक्ष्म ऋण माना जा सकता है।
3. भारत में गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियाँ (NBFCs) और MFIs का भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 के प्रावधानों के तहत विनियमित किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1
D. 1, 2 और 3

43. हार्लेक्विन इचथ्योसिस विकार के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह नवजात शिशुओं में होने वाला एक दुर्लभ आनुवंशिक त्वचा विकार है।
2. इस विकार से केवल पुरुष प्रभावित होते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

44. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये::

1. नोट्रे डेम ग्लोबल एडेप्टेशन इनिशिएटिव (ND-GAIN) UNFCCC के जलवायु परिवर्तन अनुकूलन कार्यक्रम का हिस्सा है।
2. ND-GAIN से संबंधित देशों का सूचकांक यह आकलन करता है कि कौन से देशों ने अतिवृष्टि, संसाधन-बाधाओं और जलवायु व्यवधान द्वारा उत्पन्न वैश्विक परिवर्तनों से निपटने के लिये बेहतर संरचना तैयार की है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

45. मलेरिया के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ई-2025 WHO का एक कार्यक्रम है, जिसके तहत वैश्विक स्तर पर वर्ष 2025 तक मलेरिया उन्मूलन करने का लक्ष्य रखा गया है।
2. मलेरिया उत्पन्न करने वाले परजीवी यकृत कोशिकाओं के भीतर वृद्धि करते हैं।
3. इस रोग की रोकथाम एवं उपचार दोनों संभव है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/ हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

46. फ्री एंड ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर (FOSS) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह सॉफ्टवेयर नि:शुल्क है जिसमें कॉपीराइट पर कोई प्रतिबंध नहीं है।
2. FOSS का उपयोग करके 'आधार' को बनाया गया है।
3. इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) ने FOSS को प्रचालित करने में तेज़ी लाने के लिये #FOSS4GOV इनोवेशन चैलेंज की घोषणा की है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

नोट :

47. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह भारत और फ्राँस का द्विपक्षीय समुद्री अभ्यास है।
2. इस अभ्यास में पहली बार संयुक्त अरब अमीरात (UAE) भी भाग ले रहा है।
3. यह अभ्यास फ्राँसीसी कैरियर स्ट्राइक ग्रुप 'CLEMENCEAU 21' की तैनाती का हिस्सा है।

उपर्युक्त कथन निम्नलिखित में से किस इंडो-फ्राँसीसी अभ्यास को संदर्भित कर रहे हैं?

A. डेज़र्ट नाइट-21
B. वरुण अभ्यास
C. ला पेरॉस
D. शक्ति अभ्यास

48. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. सरकार की प्राप्तियों और भुगतान के अस्थायी बेमेल को दूर करने के लिये वेज़ और मीन्स एडवांस (WMA) योजना शुरू की गई थी।
2. सरकार WMA योजना के तहत RBI से तत्काल नकदी प्राप्त कर सकती है।
3. सरकार को WMA योजना के तहत निकासी के लिये RBI को कोई ब्याज नहीं देना पड़ता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2
D. 1, 2 और 3

49. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारतीय संविधान धार्मिक और भाषाई अल्पसंख्यकों दोनों को मान्यता प्रदान करता है।
2. भारत सरकार ने भारत में छः धर्मों को धार्मिक अल्पसंख्यक घोषित किया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

50. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. महावीर का जन्म वज्जि साम्राज्य में हुआ था।
2. महावीर की शिक्षाओं को जैन आगम कहा जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/ हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

51. अर्मेनियाई नरसंहार के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे 20 वीं सदी के प्रथम नरसंहार के रूप में जाना जाता है।
2. भारत ने औपचारिक रूप से अर्मेनियाई नरसंहार को मान्यता प्रदान नहीं की है।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

52. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. चांडलर गुड गवर्नेंस इंडेक्स (CGGI) सिंगापुर से जारी किया जाता है।
2. चांडलर गुड गवर्नेंस इंडेक्स में स्वीडन प्रथम स्थान पर है।
3. भारत का गुड गवर्नेंस इंडेक्स नीति आयोग द्वारा जारी किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही नहीं है/हैं ?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

53. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. पॉवर ग्रिड इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (PGInvIT) भारतीय बाज़ारों में सूचीबद्ध होने वाला पहला 'इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट' (InvIT) है।
2. पॉवर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (PGCIL) विद्युत मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में एक पब्लिक लिमिटेड कंपनी है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

54. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. 'दंतक' सीमा सड़क संगठन (BRO) की एक परियोजना है।
2. 'दंतक' को भूटान में अग्रणी मोटर योग्य सड़कों के निर्माण का काम सौंपा गया था।
3. 'सीमा सड़क संगठन' गृह मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में काम करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

55. फसल प्रणाली के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. कृषि-वानिकी केवल स्थायी विविधता को बढ़ावा देती है।
2. फसल चक्र समान रूप से फसलों की स्थायी और अस्थायी विविधता दोनों को बढ़ावा देता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**नोट :**

56. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

1. यूनाइटेड किंगडम का कैरियर स्ट्राइक ग्रुप (CSG) इंडो पैसिफिक क्षेत्र में एक क्षेत्रीय तैनाती है।
2. भारत और यूनाइटेड किंगडम के बीच इंद्रधनुष, कोंकण और अजेय वारियर रक्षा अभ्यास किये जाते हैं।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

57. लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन (LMO) के विषय में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह लगभग सभी आधुनिक संवेदनाहारी तकनीकों का आधार है।
2. यह WHO और भारत की आवश्यक दवाओं की राष्ट्रीय सूची (NLEM) में शामिल है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 न ही 2

58. मिडिल ईस्ट ग्रीन इनिशिएटिव (Middle East Green Initiative) के निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस पहल की शुरूआत G20 देशों द्वारा सऊदी अरब में आयोजित G20 शिखर सम्मेलन के अवसर पर की गई थी।
2. इसका उद्देश्य स्वच्छ ऊर्जा हेतु नवीकरणीय ऊर्जा संसाधनों द्वारा ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

59. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. शेकतकर समिति द्वारा तीन एकीकृत थिएटर कमांड बनाने की सिफारिश की गई है।
2. एकीकृत थिएटर कमांड व्यक्तिगत सेवाओं के प्रति जवाबदेह नहीं होगा।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

60. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है ?

A. भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया ने औपचारिक रूप से 'सप्लाई चैन रेज़ीलिएंस इनीशिएटिव'(SCRI) शुरू की है।
B. भारत और जापान ने 'अधिग्रहण और क्रॉस-सर्विसिंग समझौते' (ACSA) पर हस्ताक्षर किये हैं।
C. भारत ने जापान के साथ व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (CEPA) पर हस्ताक्षर नहीं किये हैं।
D. शिन्यू मैत्री भारत और जापान के बीच द्विपक्षीय रक्षा अभ्यास है।

नोट :

61. परिसंपत्ति पुनर्निर्माण कंपनियों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह विशेष वित्तीय संस्थान हैं जो बैंकों और वित्तीय संस्थानों से गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों को (NPAs) खरीदते हैं।
2. भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) अधिनियम, 1934 भारत में ARCs की स्थापना के लिये कानूनी आधार प्रदान करता है।
3. भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) द्वारा ARCs को विनियमित किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

62. "सप्लाई चैन रेज़ीलिएंस इनीशिएटिव" (SCRI) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसका उद्देश्य आपूर्ति शृंखला बेहतर बनाने के लिये इसका विविधीकरण करना है।
2. इसका उद्देश्य इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में स्थायी, संतुलित और समावेशी विकास करना है।
3. इस पहल को भारत, जापान, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया द्वारा संयुक्त रूप से शुरू किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 2 और 3
B. केवल 1 और 2
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

63. कोपिली फॉल्ट ज़ोन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह भूकंपीय ज़ोन V में पाया जाने वाला अत्यधिक सक्रिय भूकंपीय क्षेत्र है।
2. यह मणिपुर के पश्चिमी भाग से भूटान, अरुणाचल प्रदेश और असम तीनों के मिलन बिंदु तक विस्तृत है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

64. रोगाणुरोधी प्रतिरोध (AMR) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह रोगाणुरोधी दवाओं के खिलाफ किसी भी सूक्ष्मजीव द्वारा प्राप्त प्रतिरोध है।
2. रोगाणुरोधी प्रतिरोध विकसित करने वाले सूक्ष्मजीवों को 'सुपरबग्स' के रूप में जाना जाता है।
3. स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय (MoHFW) ने AMR को विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के साथ सहयोगात्मक कार्यों के लिये शीर्ष 10 प्राथमिकताओं में से एक के रूप में पहचाना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

65. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. दिल्ली के लिये विधानसभा का प्रावधान 69वें भारतीय संविधान संशोधन के द्वारा किया गया था।
2. दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र शासन (संशोधन) अधिनियम, 2021 दिल्ली में निर्वाचित सरकार पर उपराज्यपाल को प्रधानता देता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 न ही 2

नोट :

## व्याख्या भाग-2

1.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- एडेनोवायरस(ADV) 70-90 नैनोमीटर आकार के DNA वायरस हैं, जो मनुष्यों में कई बीमारियों जैसे-सर्दी, श्वसन संक्रमण आदि को प्रेरित करते हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- इन टीकों के लिये एडेनोवायरस को प्राथमिकता दी जाती है, क्योंकि उनका DNA दोहरे तंतु से निर्मित होता है जो उन्हें आनुवंशिक रूप से अधिक स्थिर बनाता है और इंजेक्शन लगने के बाद उनके बदलने की संभावना कम होती है।
- रेबीज़ वैक्सीन एक एडेनोवायरस वैक्सीन है।
- एडेनोवायरस वैक्सीन एक प्रकार की वायरल वेक्टर वैक्सीन है।
    - इस में वैक्सीन में एडेनोवायरस को जीन या वैक्सीन एंटीजन की 'टारगेट होस्ट टिश्यू' में पहुँचाने के लिये एक उपकरण के रूप में उपयोग किया जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- हालाँकि एडेनोवायरस वैक्सीन में कुछ कमियाँ भी हैं, जैसे कि मानव में पहले से मौजूद प्रतिरक्षा, उत्तेजक प्रतिक्रियाएँ आदि।
- जिस तरह मानव शरीर ज़्यादातर वास्तविक वायरल संक्रमणों के लिये प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया विकसित करता है, वह एडेनोवायरल वैक्टर के लिये प्रतिरक्षा भी विकसित करता है।

2.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- डॉ. अंबेडकर एक समाज सुधारक, न्यायविद, अर्थशास्त्री, लेखक, बहुभाषाविद (कई भाषाओं के जानकर), विद्वान और विभिन्न धर्मों के विचारक थे।
- डॉ. अंबेडकर द्वारा प्रकाशित पत्रिकाएँ निम्नलिखित हैं:
    - मूकनायक (1920)
    - बहिष्कृत भारत' (1927)
    - समता (1929)
    - जनता (1930)
- पुस्तकें:
    - जाति प्रथा का विनाश
    - बुद्ध या कार्ल मार्क्स
    - अछूत: वे कौन थे और अछूत कैसे बन गए
    - बुद्ध और उनके धम्म
    - हिंदू महिलाओं का उदय और पतन **अत: विकल्प D सही है।**

3.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- खगोलविदों ने एक नई नैरो-लाइन सीफर्ट-1 (Narrow-Line Seyfert 1- NLS1) नामक सक्रिय आकाशगंगा का पता लगाया है। इसकी पहचान सुदूर गामा रे उत्सर्जक आकाशगंगा के रूप में की गई है।

- आर्यभट्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ ऑब्ज़र्वेशनल साइंसेज़ (Aryabhatta Research Institute of Observational Sciences) के वैज्ञानिकों ने अन्य संस्थानों के शोधकर्त्ताओं के सहयोग से लगभग 25,000 चमकीले सक्रिय ग्लैक्टिक न्यूकली (Active Galactic Nuclei) का अध्ययन स्लोन डिजिटल स्काई सर्वे (Sloan Digital Sky Survey) से किया।
  - उन्हें एक अनोखी वस्तु मिली जो एक उच्च रेडशिफ्ट (1 से अधिक) में स्थित उच्च-ऊर्जा गामा किरणों का उत्सर्जन कर रही थी।
  - इसकी पहचान गामा किरण उत्सर्जक एनएलएस-1 ग्लैक्सी के रूप में की गई है। यह अंतरिक्ष में दुर्लभ है।
  - नई गामा रे उत्सर्जक एनएलएस-1 तब बनता है जब ब्रह्मांड 4.7 अरब वर्ष (वर्तमान ब्रह्मांड 13.8 बिलियन वर्ष पुराना है) पुराना होता है। **अत: विकल्प A सही है।**

**4.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या**

- अस्थायी विनिमय दर प्रणाली में मुद्रा के मूल्यह्रास का आशय मुद्रा के मूल्य में गिरावट से है।
  - अस्थायी विनिमय दर प्रणाली में बाज़ार शक्तियाँ (मुद्रा की मांग और आपूर्ति के आधार पर) मुद्रा का मूल्य निर्धारित करती हैं।
- मुद्रा के मूल्यह्रास के कारण किसी देश की निर्यात गतिविधि बढ़ जाती है, क्योंकि उसके उत्पाद और सेवाएँ तुलनात्मक रूप से सस्ती हो जाती हैं। अत: कथन 1 सही है।
- विदेशी पर्यटकों को मुद्रा के मूल्यह्रास का लाभ मिलता है, क्योंकि इससे भारत की यात्रा सस्ती (न कि महँगी) हो जाती है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- रुपए के मूल्यह्रास का प्रभाव
  - निम्नलिखित पर रुपए के मूल्यह्रास का नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा
    - विदेशों से आयात करने वाले लोगों पर
    - विदेशों में पढ़ रहे छात्रों पर
    - विदेश यात्रा कर रहे लोगों पर
    - विदेशों में निवेश कर रहे लोगों पर
    - विदेश में चिकित्सा उपचार प्राप्त कर रहे लोगों पर
  - निम्नलिखित पर रुपए के मूल्यह्रास का सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा
    - भारत से निर्यात करने वाले लोगों पर
    - अनिवासी भारतीयों (NRIs) से प्रेषण प्राप्त करने वाले लोगों पर **अत: कथन 3 सही है।**

**5.**

**उत्तर : C**

**व्याख्या:**

- भारत के सर्वोच्च न्यायालय के अनुसार, बंधुआ मज़दूरी प्रचलित बाज़ार मज़दूरी और कानूनी न्यूनतम मज़दूरी से कम है। अत: कथन 1 सही है।
- भारत का संविधान अनुच्छेद 23 (मौलिक अधिकार) के अंतर्गत बंधुआ मज़दूरी पर प्रतिबंध लगाता है।
  - अनुच्छेद 23: मानव के दुर्व्यापार और बलात् श्रम का प्रतिषेध करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- समाज में कमज़ोर आर्थिक और सामाजिक स्थिति होने के कारण अनुसूचित जाति व जनजाति के लोगों को गाँवों के जमींदार या साहूकार नाममात्र के वेतन या बिना किसी वेतन के श्रम करने को मज़बूर करते हैं।
- वस्तुत: बंधुआ मज़दूरी केवल ग्रामीण कृषि के क्षेत्र में ही नहीं बल्कि ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों जैसे-खनन, माचिस फैक्ट्रियाँ और ईंट भट्ठे आदि में व्यापक रूप से प्रचलित है।दूसरे शब्दों में बंधुआ मज़दूरी मुख्यत: कृषि क्षेत्र तथा अनौपचारिक क्षेत्र, जैसे- सूती कपड़ा हथकरघा, ईंट भट्टे, विनिर्माण, पत्थर खदान, रेशमी साड़ियों का उत्पादन, चाँदी के आभूषण, सिंथेटिक रत्न आदि में प्रचलित है।

**नोट :**

6.

उत्तर: C

व्याख्या

- एक इंटरनेट एक्सचेंज प्वाइंट एक सुविधा है जो इंटरनेट सेवा प्रदाताओं को आपस में मिलाने और ट्रैफ़िक का आदान-प्रदान करने की अनुमति देता है, जिसे 'पियरिंग' भी कहा जाता है।
  - इंटरनेट एक्सचेंज पॉइंट्स (IXPs) इंटरनेट के इन्फ्रास्ट्रक्चर का सबसे महत्त्वपूर्ण हिस्सा होते हैं।
  - यह ISPs के लिये अंतर्राष्ट्रीय बैंडविड्थ पर पैसे बचाता है और देरी को कम करके अपने ग्राहकों के लिये कनेक्टिविटी में सुधार करता है। अत: कथन 1 सही है।
- NIXI निम्नांकित गतिविधियों के माध्यम से इंटरनेट की बुनियादी अवसंरचना तक भारत के नागरिकों की पहुँच स्थापित करने के लिये वर्ष 2003 से काम कर रही एक गैर-लाभकारी संस्था (कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 8 के तहत) है:
  - इंटरनेट एक्सचेंज के माध्यम से इंटरनेट सेवा प्रदाताओं (ISP's), डेटा केंद्रों और सामग्री वितरण नेटवर्क (CDNs) के बीच इंटरनेट डेटा का आदान-प्रदान करना।
  - .IN रजिस्ट्री, .IN कंट्री कोड डोमेन और .BHARAT IDN (अंतर्राष्ट्रीय डोमेन नाम) डोमेन का पंजीकरण, प्रबंधन और संचालन।
  - इंटरनेट नाम और संख्या के लिये भारतीय रजिस्ट्री (IRINN), इंटरनेट प्रोटोकॉल (IPv4/IPv6) का प्रबंधन और संचालन। **अत: कथन 2 सही है।**

**7.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- ओडिशा की चिल्का झील एशिया की सबसे बड़ी एवं विश्व की दूसरी सबसे बड़ी समुद्री झील है।
- यह ओडिशा राज्य में भारत के पूर्वी तट पर स्थित है, जो बंगाल की खाड़ी (Bay of Bengal) से रेत की एक छोटी सी पट्टी से अलग होती है।
- यह भारत के पूर्वी तट पर ओडिशा के पुरी, खुर्दा और गंजम ज़िलों में फैली है तथा दया नदी (Daya River) के मुहाने से बंगाल की खाड़ी तक 1,100 वर्ग किलोमीटर तक का क्षेत्र कवर करती है
- शीतकाल के दौरान भारतीय उपमहाद्वीप में प्रवासी पक्षियों को आकर्षित करने वाला सबसे बड़ा मैदान होने के साथ ही यह पौधों और जानवरों की कई संकटग्रस्त प्रजातियों का निवास स्थान है।
- वर्ष 1981 में चिल्का झील को रामसर कन्वेंशन के तहत अंतर्राष्ट्रीय महत्त्व का पहला भारतीय आर्द्रभूमि नामित किया गया था।
- चिल्का में प्रमुख आकर्षण इरावदी डॉलफिन (Irrawaddy Dolphins) हैं जिन्हें अक्सर सातपाड़ा द्वीप के पास देखा जाता है।
- लैगून क्षेत्र में लगभग 16 वर्ग किमी. में फैला नलबाना द्वीप (फारेस्ट ऑफ रीडस) को वर्ष 1987 में पक्षी अभयारण्य घोषित किया गया था।
- कालिजई मंदिर- यह मंदिर चिल्का झील में एक द्वीप पर स्थित है। **अत: विकल्प A सही है।**

**8.**

**उत्तर : B**

**व्याख्या:**

- CPTPP प्रशांत महासागरीय क्षेत्र के चारों ओर अवस्थित 11 राष्ट्रों का एक मुक्त व्यापार समझौता (FTA) है जिनमें शामिल है:
- कनाडा,मैक्सिको,पेरू,चिली, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया, ब्रुनेई, सिंगापुर, मलेशिया, वियतनाम और जापान।
  - क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी (RCEP), विश्व का सबसे बड़ा मुक्त व्यापारिक समझौता है, जिसमें चीन, जापान ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण कोरिया, न्यूजीलैंड और आसियान (ASEAN) के दस देश, सिंगापुर, थाईलैंड, वियतनाम, कंबोडिया, इंडोनेशिया, मलेशिया, ब्रुनेई, लाओस, म्यांमार और फिलीपींस शामिल है। यह नवंबर 2020 में चौथे RECP सम्मेलन में लागू हुआ था तथा इसमें भारत शामिल नहीं है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**

- भारत CPTPP में शामिल नहीं हुआ क्योंकि वह अपने अन्य भागीदारों पर अधिक श्रम और पर्यावरणीय मानकों को स्थान देना चाहता हैI इसके CPTPP के मसौदे में निवेश संरक्षण के लिये मानकों पर संकीर्ण रूप से विस्तृत योग्यताएँ,आयोजित राज्य के विनियमन के अधिकार की रक्षा करने के प्रावधान और विस्तृत पारदर्शिता आवश्यकताओं को लागू करना शामिल है। **अत: कथन 2 सही है।**

9.

**उत्तर: D**

**व्याख्या :**

- टेरोसॉरस प्रजाति सरीसृप वर्ग के अंतर्गत आती है, जो कि डायनासोर वर्ग से संबंधित है। कीटों के बाद ये पहले ऐसे जानवर हैं जो उड़ने में सक्षम हैं। **अत: कथन 1 और 2 सही है**।
  - इनकी विभिन्न प्रजातियाँ आकार में अत्यंत बड़े (F-16 जेट विमान के आकार के) तथा अत्यंत छोटे (कागज़ के जहाज के आकार के) भी हो सकते हैं।
- इनकी उत्पत्ति मेसोज़ोइक युग (252.2 मिलियन से 66 मिलियन वर्ष पूर्व) के सभी कालखंडों (ट्रायसिक, जुरासिक और क्रेटेशियस) के दौरान हुई।
- चीन के लिओनिंग स्थित तिओजिशन संरचना में नई टेरोसॉरस प्रजाति के एक ऐसे जीवाश्म की खोज की गई है जो लगभग 160 मिलियन वर्ष पुराना है।
- इसे 'कुनपेंगोप्टेरस एंटीपॉलिकैटस' (Kunpengopterus Antipollicatus) नाम दिया गया है, जिसे 'मंकीडक्टाइल' भी कहा जाता है। अत: कथन 3 सही है ।
- ग्रीक भाषा में 'एंटीपॉलिकैटस' (Antipollicatus) का अर्थ है- 'सम्मुख अँगूठा (Opposable Thumbs)' जैसा कि नाम से ही प्रतीत होता है कि चीन के शोधकर्त्ताओं ने पहली बार जुरासिक युग की टेरोसॉरस प्रजाति के एक ऐसे जीवाश्म की खोज की है, जिसमें सम्मुख अँगूठे (Opposable Thumbs) पाए जाते हैं, यह लक्षण इसे अन्य प्रजातियों से अलग करता है।
  - यह संभवत: अंग का सबसे पहला ज्ञात उदाहरण हो सकता है।

10.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- सरकार ने पोषण के विषय में जागरूकता फैलाने के लिये एक समर्पित मिशन 'आहार क्रांति' (Aahaar Kranti) शुरू किया है।
- इस मिशन को भारत और विश्व में बहुतायत में भूख तथा बीमारियों की गंभीर समस्या का समाधान करने के लिये तैयार किया गया है। **अत: कथन 1 सही है।**
- कार्यान्वयन की रणनीति:
  - इसकी विषयवस्तु ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों में अंग्रेज़ी और हिन्दी के अलावा सभी मातृ भाषाओं में उपलब्ध कराई जाएगी।
  - इस कार्यक्रम में शिक्षकों के प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, जो प्रशिक्षण के बाद अनेक छात्रों को इस कार्यक्रम का संदेश देंगे, यह संदेश छात्रों के माध्यम से उनके परिवारों तक पहुँचेगा और अंत में बड़े पैमाने पर समाज में इसका प्रचार होगा। **अत: कथन 2 सही है।**

11.

**उत्तर : D**

**व्याख्या:**

- भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19 के अंतर्गत भ्रमण या आवागमन की स्वतंत्रता के अधिकार का प्रावधान है।
  - आवागमन की स्वतंत्रता के दो आयाम हैं, आंतरिक (देश के भीतर जाने का अधिकार) और बाह्य (देश से बाहर जाने का अधिकार और देश में वापस आने का अधिकार)।

नोट :

- ◆ अनुच्छेद 19 केवल पहले आयाम की रक्षा करता है। दूसरे आयाम का प्रावधान अनुच्छेद 21 (जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार) के अंतर्गत शामिल है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- यह अधिकार केवल राज्य के खिलाफ सुरक्षित है, न कि निजी व्यक्तियों के खिलाफ। इसके अलावा यह केवल नागरिकों और किसी कंपनी के शेयरधारकों के लिये उपलब्ध है, लेकिन विदेशी या कानूनी व्यक्तियों जैसे कंपनियों या निगमों, आदि के लिये नहीं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**12.**

**उत्तर : A**

**व्याख्या :**

- नेशनल इलेक्ट्रॉनिक फंड ट्रांसफर (NEFT) RBI का एक केंद्रीयकृत भुगतान प्रणाली है, जो इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से धन के हस्तांतरण की सुविधा प्रदान करती है।
  - ◆ नेशनल इलेक्ट्रॉनिक फंड ट्रांसफर (NEFT) में मुद्रा के लेन-देन को बैचेज़ (Batches) अर्थात् समूह में पूरा किया जाता है, यानी इस प्रणाली के तहत एक निश्चित समयसीमा तक प्राप्त सभी लेन-देनों का निपटान एक साथ किया जाता है।
  - ◆ इसका उपयोग आमतौर पर 2 लाख रुपए तक के फंड ट्रांसफर के लिये किया जाता है। **अत: विकल्प A सही है।**
- रियल टाइम ग्रॉस सेटलमेंट सिस्टम (RTGS) RBI का एक केंद्रीयकृत भुगतान प्रणाली है।
  - ◆ यह लाभार्थियों के खाते में वास्तविक समय पर धनराशि हस्तांतरण की सुविधा को सक्षम बनाता है और इसका प्रयोग मुख्य तौर पर बड़े लेन-देनों के लिये किया जाता है।
  - ◆ यहाँ 'रियल टाइम' अथवा वास्तविक समय का अभिप्राय निर्देश प्राप्त करने के साथ ही उनके प्रसंस्करण (Processing) से है, जबकि 'ग्रॉस सेटलमेंट' या सकल निपटान का तात्पर्य है कि धन हस्तांतरण निर्देशों का निपटान व्यक्तिगत रूप से किया जाता है।
- विकेंद्रीकरण भुगतान प्रणाली में भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा समाशोधन व्यवस्था [चेक ट्रंकेशन सिस्टम (CTS) सेंटर] के साथ-साथ अन्य बैंकों [एक्सप्रेस चेक क्लियरिंग सिस्टम (ECCS) केंद्रों की जाँच] और किसी भी अन्य प्रणाली के रूप शामिल होंगे जिसमें समय-समय पर भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्णय लिया जाएगा।

**13.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- MIS-C बच्चों और किशोरों में एक दुर्लभ लेकिन गंभीर बीमारी है जो आमतौर पर कोविड-19 संक्रमण के 2-6 सप्ताह बाद होती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह बीमारी पूरे शरीर को प्रभावित करती है, जिससे शरीर के विभिन्न अंगों जैसे- हृदय, गुर्दा, मस्तिष्क, त्वचा, आँख, जठरांत्र आदि में सूजन हो सकती है।
  - ◆ MIS-C से पीड़ित बच्चों में पेट दर्द, आँख से खून आना, थकान महसूस होना दस्त, आदि लक्षण देखे जा सकते हैं।
- हाल के एक अध्ययन में MIS-C सिंड्रोम वाले युवाओं में न्यूरोलॉजिकल लक्षणों का पता चला जो आघात या गंभीर इंसेफेलोपैथी (Encephalopathy- मस्तिष्क की ऐसी बीमारी जो मस्तिष्क के कार्य या संरचना को बदल देती है) की तरह जानलेवा थे।
  - ◆ न्यूरोलॉजिकल लक्षणों में मतिभ्रम, भ्रम, आवाज का चले जाना आदि समस्याएँ शामिल हैं। **अत: कथन 2 सही है।**

**14.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- हाल ही में अमेरिका ने भारत समेत 11 देशों को उनकी मुद्रा के व्यवहार को लेकर 'मुद्रा व्यवहार निगरानी सूची' (करेंसी मैनिपुलेटर्स वॉच लिस्ट) में रखा है।

नोट :

- दिसंबर 2020 की रिपोर्ट में भारत इस सूची में था। वर्ष 2019 में यूएस ट्रेज़री विभाग ने भारत को अपनी 'करेंसी मैनिपुलेटर्स वॉच लिस्ट' में प्रमुख व्यापारिक साझेदारों की सूची से हटा दिया था। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

- करेंसी मैनिपुलेटर्स:
  - यह अमेरिकी सरकार द्वारा उन देशों का एक वर्गीकरण है, जिनके बारे में अमेरिका यह महसूस करता है कि वे देश डॉलर के मुकाबले अपनी मुद्रा का जानबूझकर अवमूल्यन करके "अनुचित मुद्रा व्यवहारों" में संलग्न हैं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
    - इसका कारण यह है कि अवमूल्यन से उस देश से निर्यात की लागत कम हो जाएगी और इसके परिणामस्वरूप कृत्रिम रूप से व्यापार घाटे में कमी दिखाई देगी।

**15.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- हाल ही में पर्ड्यू विश्वविद्यालय (Purdue University) के शोधकर्त्ताओं की टीम द्वारा अल्ट्रा-व्हाइट पेंट (Ultra-White Paint) विकसित किया गया है।विकसित किया गया यह पेंट अत्यधिक सफेद है जो पेंट की गई सतह को ठंडा बनाए रखने में सक्षम है, इस कारण यह पेंट ग्लोबल वार्मिंग (Global Warming) की समस्या का एक बेहतर समाधान प्रस्तुत कर सकता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- अल्ट्रा-व्हाइट पेंट के बारे में: यह पेंट इस पर पड़ने वाले सूर्य के प्रकाश की 99 प्रतिशत मात्रा को परावर्तित करने में सक्षम है, इसलिये पूरी तरह से धूप में होने के बावजूद सतह अपने आस-पास के परिवेश की तुलना में अधिक ठंडी होती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- वर्तमान में बाज़ार में उपलब्ध वाणिज्यिक सफेद पेंट पर जब सूर्य का प्रकाश पड़ता है तो वह ठंडा होने के बजाए गर्म हो जाता है तथा सूरज के प्रकाश की केवल 80-90% मात्रा को ही प्रवर्तित करने में सक्षम है जिसके कारण कारण उसकी सतह अपने आस-पास के परिवेश की तुलना में कम ठंडी होती है।
- पुराना सफेद पेंट मुख्य रूप से कैल्शियम कार्बोनेट (Calcium Carbonate) से निर्मित था जबकि नए अल्ट्रा-व्हाइट पेंट को बेरियम सल्फेट (Barium Sulphate ) का उपयोग करके निर्मित किया गया है जो इसे और अधिक सफेद बनाता है।

**16.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- ग्रेट इंडियन बस्टर्ड (GIB), राजस्थान का राज्य पक्षी है और भारत का सबसे गंभीर रूप से संकटग्रस्त पक्षी माना जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह घास के मैदान में निवास करने वाली प्रमुख प्रजाति मानी जाती है, जो चरागाह पारिस्थितिकी का प्रतिनिधित्व करती है।
- इसकी अधिकतम आबादी राजस्थान और गुजरात तक ही सीमित है परंतु यह महाराष्ट्र, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में भी यह प्रजाति कम संख्या में पाई जाती है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- विद्युत लाइनों से टकराव/इलेक्ट्रोक्यूशन, शिकार (अभी भी पाकिस्तान में प्रचलित), आवास का नुकसान और व्यापक कृषि विस्तार आदि के परिणामस्वरूप यह पक्षी खतरे में है।
- संरक्षण की स्थिति:
  - अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ की रेड लिस्ट: गंभीर रूप से संकटग्रस्त। **अतः कथन 3 सही है।**
  - वन्यजीवों एवं वनस्पतियों की लुप्तप्राय प्रजातियों के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर कन्वेंशन (CITES): परिशिष्ट-1
  - प्रवासी प्रजातियों के संरक्षण पर अभिसमय (CMS): परिशिष्ट-I
  - वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 - अनुसूची 1

नोट :

**17.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- रूसी वैज्ञानिकों ने साइबेरिया में स्थित दुनिया की सबसे गहरी झील, बैकाल में 'बैकाल-GVD (गीगाटन वॉल्यूम डिटेक्टर) नामक दुनिया का सबसे बड़ा 'अंडरवाटर न्यूट्रिनो टेलीस्कोप' लॉन्च किया है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इस टेलीस्कोप का निर्माण वर्ष 2016 में इसलिये शुरू किया गया था ताकि न्यूट्रिनो नामक रहस्यमयी मूलभूत कणों का विस्तार से अध्ययन किया जा सके और उनके संभावित स्रोतों का निर्धारण किया जा सके।
- यह दक्षिणी ध्रुव में स्थित IceCube और भूमध्य सागर में स्थित ANTARES के साथ दुनिया के तीन सबसे बड़े न्यूट्रिनो डिटेक्टरों में से एक है। **अत: कथन 2 सही है।**
- GVD को उच्च-ऊर्जा न्यूट्रिनो का पता लगाने के लिये डिज़ाइन किया गया है जो कि पृथ्वी के कोर से या सूर्य में परमाणु प्रतिक्रियाओं के दौरान उत्पन्न हो सकते हैं।
- यह ब्रह्मांड की उत्पत्ति को समझने में वैज्ञानिकों की मदद करेगा क्योंकि बिग-बैंग के दौरान कुछ न्यूट्रिनों का गठन हुआ था, वहीं सुपरनोवा विस्फोटों के परिणामस्वरूप या सूर्य में परमाणु प्रतिक्रियाओं के कारण भी कुछ न्यूट्रिनो का निर्माण हो रहा है।

**18.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- भारतीय मंदिरों को मोटे तौर पर नागर (Nagara), बेसर (Vesara), द्रविड़ (Dravida) और वास्तुकला की गदग (Gadag) शैलियों में विभाजित किया गया है।
  - हालाँकि ओडिशा की मंदिर वास्तुकला अपने अद्वितीय प्रतिनिधित्व के कारण पूरी तरह से एक अलग श्रेणी से मेल खाती है जिसे मंदिर वास्तुकला की कलिंग शैली कहा जाता है।
  - सामान्यत: यह शैली नागर शैली के अंतर्गत आती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- कलिंग वास्तुकला में, मूल रूप से एक मंदिर दो भागों में बना होता है, पहला शिखर और दूसरा, गर्भगृह । शिखर को देउल (Deula ) तथा गर्भगृह को जगमोहन (Jagmohan) कहा जाता है। अत: कथन 2 सही है।
  - देउल और जगमोहन की दीवारों पर भव्य रूप में वास्तुशिल्प रूपांकनों और आकृतियों को बनाया जाता है।
  - सर्वाधिक एवं बार-बार बनाई जाने वाला आकृति घोड़े की नाल के आकार (Horseshoe Shape) की है, जो कि आदिकाल से प्रचलित है तथा जिसे चैत्य-गृह की बड़ी खिड़कियों से बनाना शुरू किया जाता है।
  - देउल शैली का प्रयोग कर कलिंग वास्तुकला में तीन विभिन्न प्रकार के मंदिरों का निर्माण किया गया है:
    - रेखा देउल (Rekha Deula)।
    - पिढा देउल (Pidha Deula)।
    - खाखरा देउल (Khakhara Deula)।
  - प्रथम दो (रेखा देउल, पिढा देउल) का संबंध विष्णु, सूर्य और शिव के मंदिरों से है, जबकि तीसरा (खाखरा देउल) मुख्य रूप से चामुंडा और दुर्गा मंदिरों के संबंधित है।
  - रेखा देउल, पिढा देउल का प्रयोग गर्भगृह में किया जाता है जबकि खाखरा देउल का प्रयोग नाट्यशाला और भोग मंडप में देखा जाता है।

**19.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- नोंगखिल्लेम वन्यजीव अभयारण्य (Nongkhyllem Wildlife Sanctuary) मेघालय के री-भोई ज़िले में लैईलाड गाँव के पास स्थित है और 29 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्रफल में फैला हुआ है। यह मेघालय राज्य के प्रसिद्ध आकर्षण स्थलों में से एक है। **अत: विकल्प C सही है।**

नोट :

- यह अभयारण्य पूर्वी हिमालय के वैश्विक जैवविविधता हॉटस्पॉट (Eastern Himalayan Global biodiversity) के अंतर्गत आता है।
- यह अभयारण्य विभिन्न प्रजातियों जैसे- रॉयल बंगाल टाइगर, क्लाउडेड तेंदुआ, भारतीय बाइसन, हिमालयन ब्लैक बियर आदि को पर्यावास उपलब्ध करता है।
- यहाँ पक्षियों की कुछ दुर्लभ प्रजातियाँ जैसे- मणिपुर बुश क्वेल, रूफस नेक्ड हॉर्नबिल, ब्राउन हॉर्नबिल आदि पाई जाती हैं।

**20.**

**उत्तर : B**

**व्याख्या:**

- आदित्य एल-1 मिशन सूर्य का अध्ययन करने वाला भारत का पहला वैज्ञानिक अभियान है। **अत: कथन 1 सही है।**
    - यह एस्ट्रोसैट के बाद आदित्य एल-1 इसरो (भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन) का दूसरा अंतरिक्ष-आधारित खगोल विज्ञान मिशन है जिसे 2015 में शुरू किया गया था।
- ISRO ने आदित्य L-1 को 400 किलो-वर्ग के उपग्रह के रूप में वर्गीकृत किया है जिसे ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान- XL (PSLV-XL) विन्यास से लॉन्च किया गया था। **अत: कथन 2 सही है।**
- ध्यातव्य है कि आदित्य एल-1 को सूर्य एवं पृथ्वी के बीच स्थित एक खाली कक्षा के चारों तरफ एल-1 लैग्रेंज बिंदु के निकट स्थापित किया गया है , जो पृथ्वी से 1.5 मिलियन किमी. दूर है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
- 'लैग्रेंज बिंदु' का आशय अंतरिक्ष में स्थित उन बिंदुओं से होता हैं, जहाँ दो अंतरिक्ष निकायों (जैसे सूर्य और पृथ्वी) के गुरुत्वाकर्षण बल के कारण आकर्षण तथा प्रतिकर्षण का क्षेत्र उत्पन्न होता है। इसका नामकरण इतालवी-फ्राँसीसी गणितज्ञ जोसेफ-लुइस लैग्रेंज के नाम पर किया गया है।

21.

उत्तर: C

व्याख्या:

- स्वदेशी रूप से डिज़ाइन और विकसित एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर 'ध्रुव' (ALH-DHRUV) 5.5 टन भार वर्ग में एक ट्विन इंजन, मल्टी-रोल, मल्टी-मिशन वाला नई पीढ़ी का हेलीकॉप्टर है। **अत: कथन 1 सही है।**
    - यह हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) द्वारा निर्मित 'शक्ति इंजन' के साथ निर्मित एक मल्टी-रोल हेलीकॉप्टर है।
        - HAL भारतीय स्वामित्व वाली एयरोस्पेस और रक्षा कंपनी है, जिसका मुख्यालय भारत के बंगलूरू में है। यह रक्षा मंत्रालय के प्रबंधन के तहत शासित है।
    - हाल ही में भारतीय नौसेना एयर स्क्वाड्रन (INAS) 323, स्वदेश निर्मित ALH (एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर) ध्रुव एमके-III विमान की पहली इकाई, भारतीय नौसेना में कमीशन की गई।
- यह एयरक्राफ्ट MK-1 से एक कदम आगे है जो रात में कम दृश्यता के दौरान भी खोज और बचाव कार्यों को करने में सक्षम होगा। **अत: कथन 2 सही है।**
    - यह 0.7 मिमी की बंदूक से युक्त है, जो एक लिमो (LIMO-कम तीव्रता के समुद्री संचालन) दृष्टिकोण से इसे विशाल क्षमता देगी।
    - यह स्वचालित उड़ान नियंत्रण प्रणाली पिछली प्रणालियों से बेहतर है।

22.

उत्तर: B

व्याख्या:

- क्यूबा वेस्टइंडीज़ द्वीप समूह में शामिल एक देश है, जिसे कैरेबियन क्षेत्र के सबसे अधिक प्रभावशाली देशों में से एक माना जाता है।
    - यह अटलांटिक महासागर (उत्तर और पूर्व में, लेकिन दक्षिण नहीं), मेक्सिको की खाड़ी (पश्चिम), और कैरेबियन सागर (दक्षिण) (न कि प्रशांत महासागर) के प्रतिच्छेदन पर कर्क रेखा के दक्षिण में स्थित है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**

नोट :

- वर्ष 1959 की क्रांति के बाद भारत, क्यूबा को मान्यता देने वाले प्रारंभिक देशों में से एक था। दोनों देशों ने विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय मंचों जैसे- संयुक्त राष्ट्र (UN), गुटनिरपेक्ष आंदोलन (NAM), विश्व व्यापार संगठन (WTO) आदि में एक-दूसरे के साथ निकट संपर्क बनाए रखा।
  - क्यूबा, अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन और भारत-फ्राँस इनिशिएटिव आदि में भी शामिल है। **अत: कथन 2 सही है।**

**23.**

**उत्तर C**

**व्याख्या:**

- हाल ही में कैरेबियाई स्थित ला सॉफरियर ज्वालामुखी (La Soufriere Volcano) में हुए विस्फोट से उत्सर्जित सल्फर डाइऑक्साइड (Sulphur Dioxide- $SO_2$) भारत में पहुँच गया है, जिससे देश के उत्तरी हिस्सों में प्रदूषण (Pollution) के स्तर में वृद्धि तथा अम्लीय वर्षा (Acid Rain) होने का डर बना हुआ है।
- यह कैरेबियाई द्वीप के सेंट विंसेंट और ग्रेनेडाइंस (Saint Vincent and the Grenadines) में स्थित एक सक्रिय स्ट्रैट वोलकानो/स्ट्रैटोज्वालामुखी (Active Stratovolcano) है। **अत: कथन 1 सही है।**
- स्ट्रैटो ज्वालामुखी एक लंबा, शंक्वाकार ज्वालामुखी होता है, जिसका निर्माण जमे हुए ठोस लावा, टेफ्रा (Tephra) और ज्वालामुखीय राख (Volcanic Ash) की कई परतों (स्तर) द्वारा होता है। खड़ी संरचना (Steep Profile) और एक निश्चित अवधि पर विस्फोटक उद्गार (Periodic, Explosive Eruptions) का होना इन ज्वालामुखियों की मुख्य विशेषताओं में शामिल है। **अत: कथन 2 सही है।**

**24.**

**उत्तर : C**

**व्याख्या :**

- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग ने एक संयुक्त फ्रेमवर्क का उपयोग करते हुए भारत में अनुकूल नियोजन के लिये राष्ट्रीय जलवायु भेद्यता आकलन रिपोर्ट जारी की है।
- इस रिपोर्ट में वर्तमान जलवायु संबंधी जोखिमों और भेद्यता के प्रमुख चालकों (Key Drivers of Vulnerability) के लिहाज से भारत के सबसे संवेदनशील राज्यों और ज़िलों की पहचान की गई है।
- यह जलवायु परिवर्तन पर राष्ट्रीय कार्य योजना/नेशनल एक्शन प्लान ऑन क्लाइमेट चेंज (कुल 8 मिशन) के दो मिशनों के तहत क्षमता निर्माण कार्यक्रम का हिस्सा है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - सुस्थिर हिमालयी पारिस्थितिक तंत्र हेतु राष्ट्रीय मिशन (NMSHE)।
  - जलवायु परिवर्तन हेतु रणनीतिक ज्ञान पर राष्ट्रीय मिशन (NMSKCC)।
- रिपोर्ट के प्रमुख बिंदु:
  - अत्यधिक संवदेनशील राज्य: राष्ट्रीय जलवायु भेद्यता आकलन रिपोर्ट ने झारखंड, मिज़ोरम, ओडिशा, छत्तीसगढ़, असम, बिहार, अरुणाचल प्रदेश और पश्चिम बंगाल की पहचान ऐसे राज्यों के रूप में की है, जो जलवायु परिवर्तन की दृष्टि से अत्यधिक संवेदनशील हैं। अत: कथन 2 सही है।
  - निम्न-मध्य संवदेनशील राज्य: हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना, सिक्किम और पंजाब।
  - निम्न संवदेनशील राज्य: उत्तराखंड, हरियाणा, तमिलनाडु, केरल, नगालैंड, गोवा और महाराष्ट्र।

**25.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- ब्रू या रियांग (Reang) पूर्वोत्तर भारत का एक समुदाय है, जो ज़्यादातर त्रिपुरा, मिज़ोरम और असम में रहता है। **अत: कथन 2 सही है।**

नोट :

- यह समुदाय त्रिपुरा में विशेष रूप से कमज़ोर जनजातीय समूह (Particularly Vulnerable Tribal Group) के रूप में पहचान जाता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इस समुदाय के लोगों को मिज़ोरम में उन समूहों द्वारा लक्षित किया गया है जो इन्हें विदेशी मानते हैं।
- PVTGs [जिन्हें पूर्व में आदिम जनजातीय समूह (PTG) के रूप में जाना जाता था] भारत सरकार द्वारा किया जाने वाला वर्गीकरण है जो विशेष रूप से निम्न विकास सूचकांकों वाले कुछ समुदायों की स्थितियों में सुधार को सक्षम करने के उद्देश्य से सृजित किया गया है। गृह मंत्रालय द्वारा 75 जनजातीय समूहों को विशेष रूप से कमज़ोर जनजातीय समूहों के रूप में वर्गीकृत किया गया है।
- आदिवासी समूहों में PVTGs अधिक कमज़ोर हैं। वर्ष 1973 में धेबर आयोग (Dhebar Commission) ने आदिम जनजाति समूह (Primitive Tribal Groups-PTGs) को एक अलग श्रेणी के रूप में वर्गीकृत किया था। वर्ष 2006 में भारत सरकार ने PTG का नाम बदलकर PVTG कर दिया था। **अत: कथन 3 सही है।**

**26.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक वर्ष 2002 से रिपोर्टर्स सेन्स फ्रंटियर्स (RSF) या रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स द्वारा प्रत्येक वर्ष प्रकाशित किया जाता है।
  - पेरिस स्थित रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स (RSF) एक अंतर्राष्ट्रीय गैर-सरकारी, गैर-लाभकारी संगठन है, जो सार्वजनिक हित में संयुक्त राष्ट्र, यूनेस्को, यूरोपीय परिषद, फ्रैंकोफोनी के अंतर्राष्ट्रीय संगठन (OIF) और मानव अधिकारों पर अफ्रीकी आयोग के साथ सलाहकार की भूमिका निभाता है।
  - यह सूचकांक पत्रकारों के लिये उपलब्ध स्वतंत्रता के स्तर के अनुसार 180 देशों और क्षेत्रों को रैंक प्रदान करता है। यह सार्वजनिक नीतियों की रैंकिंग नहीं करता है, भले ही सरकारें स्पष्ट रूप से अपने देश की रैंकिंग पर एक बड़ा प्रभाव डालती हैं। हालाँकि यह पत्रकारिता की गुणवत्ता का सूचक नहीं है। **अत:कथन 1 सही नहीं है।**
- विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक, 2021 में नॉर्वे (Norway) लगातार पाँच वर्षों से पहले स्थान पर है, इसके अतिरिक्त दूसरा स्थान फिनलैंड (Finland) को और तीसरा स्थान डेनमार्क (Denmark) को प्राप्त हुआ है। **अत:कथन 2 सही नहीं है।**
  - इरीट्रिया, सूचकांक में सबसे निचले स्थान (180) पर है, इसके बाद चीन 177वें, और उत्तरी कोरिया 179वें और तुर्कमेनिस्तान 178वें स्थान पर है।
- हाल ही में जारी 180 देशों के 'विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक' (World Press Freedom Index) 2021 में भारत फिर से 142वें स्थान पर है।
  - संविधान, अनुच्छेद 19 के तहत वाक् एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की गारंटी देता है, जो वाक् स्वतंत्रता इत्यादि के संबंध में कुछ अधिकारों के संरक्षण से संबंधित है।
    - प्रेस की स्वतंत्रता को भारतीय कानूनी प्रणाली द्वारा स्पष्ट रूप से संरक्षित नहीं किया गया है, लेकिन यह संविधान के अनुच्छेद 19 (1) (क) के तहत संरक्षित है, जिसमें कहा गया है - "सभी नागरिकों को वाक् एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार होगा"। **अत: कथन 3 सही है।**

**27.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- आनुवंशिक रूप से संशोधित जीवों (GMOs) और उत्पादों को पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 के तहत अधिसूचित 'खतरनाक सूक्ष्मजीवों, आनुवंशिक रूप से इंजीनियर जीवों या कोशिकाओं के निर्माण, उपयोग, आयात, निर्यात और भंडारण नियम, 1989' के तहत विनियमित किया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- ये नियम पर्यावरण, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, जैव प्रौद्योगिकी विभाग और राज्य सरकारों द्वारा कार्यान्वित किये जाते हैं।

नोट :

- वर्ष 1989 के इन नियमों के साथ अनुसंधान, बायोलॉजिक्स, सीमित क्षेत्र परीक्षण, खाद्य सुरक्षा मूल्यांकन और पर्यावरण जोखिम मूल्यांकन आदि पर दिशानिर्देशों की एक श्रृंखला भी जारी की गई है।
- भारत में, जेनेटिक इंजीनियरिंग मूल्यांकन समिति (GEAC) आनुवंशिक रूप से संशोधित बीजों के वाणिज्यिक उपयोग को स्वीकृति देने हेतु स्थापित भारत का सर्वोच्च नियामक है। **अतः कथन 2 सही है।**
- अनुवांशिक रूप से संशोधित अस्वीकृत बीज संस्करण का उपयोग करने पर पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 के तहत 5 वर्ष के कारावास और 1 लाख रुपए तक के जुर्माने की सज़ा हो सकती है।

**28.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- राजनयिक संबंधों पर वियना कन्वेंशन एक अंतर्राष्ट्रीय संधि है जो स्वतंत्र राज्यों के बीच राजनयिक संबंधों को परिभाषित करती है।
  - एक राजदूत, किसी मेज़बान देश में एक विदेशी राज्य का प्रतिनिधि होता है, जो अपने देशवासियों के हितों के लिये काम करता है।
- वियना कन्वेंशन के अनुच्छेद-36 में कहा गया है कि कि मेज़बान देश में गिरफ्तार या हिरासत में लिये गए विदेशी नागरिकों की गिरफ्तारी की सूचना के संबंध में उनके दूतावास या वाणिज्य दूतावास को बिना देरी के नोटिस दिया जाना चाहिये।
- यदि हिरासत में लिया गया विदेशी नागरिक ऐसा अनुरोध करता है, तो पुलिस को दूतावास या वाणिज्य दूतावास को उस नोटिस को फैक्स करना चाहिये, जिसके द्वारा हिरासत में लिये गए व्यक्ति का सत्यापन किया जा सकता है।
- भारत ने जाधव तक राजनयिक पहुँच सुनिश्चित करने (वियना कन्वेंशन) से इनकार करने और मौत की सजा को चुनौती देने पाकिस्तान के निर्णय के खिलाफ ICJ में संपर्क किया।
  - दूतावास को यह नोटिस एक फैक्स के माध्यम से सरलतम रूप में दिया जा सकता है, जिसमें व्यक्ति का नाम, गिरफ्तारी का स्थान और यदि संभव हो तो गिरफ्तारी या हिरासत के कारणों के बारे में बताया जा सकता है। **अतः विकल्प D सही है।**

**29.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (Indian Space Research Organisation) ने कहा कि वह IIT- दिल्ली स्थित स्पेस टेक्नोलॉजी सेल (Space Technology Cell) की आठ संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं का समर्थन करेगा।
  - इसरो ने अपने रिस्पॉन्ड प्रोग्राम (RESPOND Programme) के अंतर्गत इन परियोजनाओं का समर्थन किया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसरो ने वर्ष 1970 के दशक में रिस्पॉन्ड प्रोग्राम (अनुसंधान प्रायोजित) शुरू किया था, जिसका उद्देश्य विभिन्न अंतरिक्ष अनुसंधान गतिविधियों में भाग लेने और योगदान के लिये शिक्षाविदों को प्रोत्साहित करना था।
- इसरो इस प्रोग्राम के अंतर्गत भारत में शैक्षणिक संस्थानों में अंतरिक्ष विज्ञान, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और अंतरिक्ष अनुप्रयोगों से संबंधित अनुसंधान तथा विकास गतिविधियों के संचालन के लिये वित्तीय सहायता प्रदान करता है। **अतः कथन 2 सही है।**

**30.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- स्टार्टअप इंडिया सीड फंड योजना का उद्देश्य स्टार्टअप्स के प्रोटोटाइप का विकास, प्रूफ ऑफ कांसेप्ट, उत्पाद परीक्षण, बाज़ार में प्रवेश हेतु वित्तीय सहायता प्रदान करना है।
- 945 करोड़ रूपए लागत की इस योजना को 'उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग (Department for Promotion of Industry and Internal Trade-DPIIT) द्वारा लॉन्च किया गया है। **अतः कथन 2 सही है।**

नोट :

- पात्रता हेतु आवश्यक शर्तें:
  - DPIIT द्वारा केवल उसी स्टार्टअप, को मान्यता प्रदान की जाएगी जिसे आवेदन की अवधि से 2 वर्ष से अधिक का समय न हुआ हो।
  - स्टार्टअप द्वारा केंद्र या राज्य सरकार की किसी भी योजना के तहत 10 लाख से अधिक की वित्तीय सहायता प्राप्त न की जा रही हो। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- अगले 4 वर्षों में 300 इन्क्यूबेटर्स (Incubators) के माध्यम से लगभग 3,600 उद्यमियों का समर्थन किया जाएगा।
- DPIIT द्वारा गठित एक विशेषज्ञ सलाहकार समिति (Experts Advisory Committee- EAC) योजना के समग्र निष्पादन और निगरानी हेतु ज़िम्मेदार होगी।

**31.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- हाल ही में संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ-UNICEF) और 'गीना डेविस इंस्टीट्यूट ऑन जेंडर इन मीडिया' (GDI) ने "जेंडर बायस एंड इनक्लूज़न इन एडवरटाइज़िंग इन इंडिया रिपोर्ट" शीर्षक से एक रिपोर्ट जारी की। **अत: विकल्प A सही है।**
  - शोध से पता चला है कि भारत में विज्ञापन वैश्विक बेंचमार्क से बेहतर होते हैं क्योंकि लड़कियों और महिलाओं को स्क्रीन शेयर करने और बोलने के समय के मामले में प्रतिनिधित्व की समानता है, परंतु उनका चित्रण लिंगभेद की समस्या से ग्रस्त है।
  - GDI एक गैर-लाभकारी अनुसंधान संगठन है जो मीडिया में लिंग प्रतिनिधित्व पर शोध करता है और महिलाओं के समान प्रतिनिधित्व की वकालत करता है।
- रिपोर्ट के अनुसार:
  - पुरुष पात्रों को महिला पात्रों की तुलना में उनके भविष्य के बारे में निर्णय लेने की अधिक स्वतंत्रता है (7.3% पुरुष पात्र/ 4.8% महिला पात्र), वहीं महिला पात्रों को पुरुष पात्रों की तुलना में घरेलू निर्णयों को लेने में अधिक स्वतंत्रता है (2.0% महिला पात्र/ 4.9% पुरुष पात्र )।
  - भारतीय विज्ञापनों में उन दो-तिहाई महिला पात्रों (66.9%) को रोल दिया जाता है जिनकी त्वचा चमकदार या मध्यम-रूप से चमकदार है- पुरुष पात्रों की तुलना में 52.1 प्रतिशत अधिक।
  - महिला पात्रों को पुरुष पात्रों की तुलना में "आश्चर्यजनक/बहुत आकर्षक" के रूप में दिखाए जाने की नौ गुना अधिक संभावना है (0.6% की तुलना में 5.9%)।

32.

उत्तर: C

व्याख्या:

- बोआओ फोरम फॉर एशिया (BFA) एक गैर- लाभकारी अंतर्राष्ट्रीय संगठन है, जिसे वर्ष 2001 में 26 सदस्य राज्यों द्वारा संयुक्त रूप से प्रारंभ किया गया था, जिसके वर्तमान में 29 सदस्य हैं।
- भारत भी BFA का सदस्य है। **अत: कथन 2 सही है।**
- इसके वार्षिक सम्मेलन का आयोजन चीन के हैनान प्रांत के बोआओ में नियमित रूप किया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- BFA की स्थापना 'वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम' की तर्ज पर की गई है, जिसकी वार्षिक बैठक का आयोजन स्विट्ज़रलैंड के दावोस में किया जाता है। इस प्रकार बोआओ फोरम को 'पूर्व के दावोस' नाम से जाना जाता है।
- BFA की स्थापना का उद्देश्य एशिया में आर्थिक एकीकरण को बढ़ावा देना था। इसका मिशन अब एशिया और दुनिया के विकास के लिये सकारात्मक ऊर्जा को एकत्रित करना है।
- फोरम ने न केवल सर्वसम्मति से "बोआओ प्रस्तावों" को आगे बढ़ाने में अद्वितीय भूमिका निभाई है, बल्कि वैश्विक मुद्दों को संबोधित करने और विश्व विकास एवं समृद्धि को बढ़ावा देने में अपनी भूमिका अदा की है।
- इसके पाँच केंद्रीय बिंदुओं में क्षेत्रों में नई अर्थव्यवस्था के जवाब में प्रौद्योगिकी नवाचार, स्वास्थ्य, शिक्षा, संस्कृति और मीडिया शामिल हैं।

**33.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- कोयला गैसीकरण (Coal Gasification) में कोयला को संश्लेषण गैस (Synthesis Gas) (सिनगैस) में परिवर्तित करने की प्रक्रिया है। सिनगैस (Syngas) हाइड्रोजन ($H_2$), कार्बन मोनोऑक्साइड (CO) और कार्बन डाइऑक्साइड ($CO_2$) का मिश्रण है। **अत:कथन 1 सही है।**
  - सिनगैस का उपयोग बिजली के उत्पादन और उर्वरक जैसे रासायनिक उत्पाद के निर्माण सहित विभिन्न प्रकार के अनुप्रयोगों में किया जा सकता है।
- कोयले से प्राप्त हाइड्रोजन गैसीकरण का उपयोग विभिन्न उद्देश्यों के लिये किया जा सकता है जैसे कि अमोनिया बनाने से हाइड्रोजन अर्थव्यवस्था में बढ़ोतरी होगी। **अत:कथन 2 सही है।**
- कोयले का स्वस्थाने गैसीकरण या अंडरग्राउंड कोल गैसीफिकेशन (UGC) - यह कोयले को गैस में परिवर्तित करने की एक तकनीक है जो खदानों की तली में मौजूद होते है, जिसे कुओं के माध्यम से निकाला जा रहा है।
- इस परियोजना में 20,000 करोड़ रु का निवेश किया जाएगा। भारत ने 2030 तक लक्ष्य निर्धारित किया है कि यह चार प्रमुख परियोजनाओं के तहत 100 मिलियन टन कोयला गैसीकरण का उत्पादन किया जाएगा। **अत:कथन 3 सही नहीं है।**

**34.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या :**

- भारतीय संविधान के अनुच्छेद 25-28 में धार्मिक स्वतंत्रता को एक मौलिक अधिकार के रूप में उल्लेख किया गया है।
  - अनुच्छेद 25 (अंत:करण की स्वतंत्रता एवं धर्म को अबाध रूप से मानने, आचरण करने और प्रचार करने की स्वतंत्रता)। **अत: कथन 1 सही है।**
  - अनुच्छेद 26 (धार्मिक कार्यों के प्रबंधन की स्वतंत्रता)।
  - अनुच्छेद 27 (किसी विशिष्ट धर्म की अभिवृद्धि हेतु करों के संदाय को लेकर स्वतंत्रता)। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - अनुच्छेद 28 (कुछ विशिष्ट शैक्षिक संस्थाओं में धार्मिक शिक्षा या धार्मिक उपासना में उपस्थित होने को लेकर स्वतंत्रता)।
- इसके अलावा संविधान के अनुच्छेद 29-30 में अल्पसंख्यकों के हितों की सुरक्षा से संबंधित प्रावधान हैं।

**35.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- हाल ही में कोरोना महामारी से प्रभावित समुदायों में युवाओं के लिये 'ग्लोबल यूथ मोबिलाइज़ेशन' नामक एक पहल शुरू की गई है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह ऐसे युवाओं का एक आंदोलन है, जो महामारी के दौरान और उसके बाद अपने जीवन को सुधारने की दिशा में कार्रवाई कर रहे हैं।
- युवाओं पर महामारी के नकारात्मक प्रभाव के मुद्दे को संबोधित करना और उन्हें भविष्य में किसी अन्य आपदा से निपटने के लिये तैयार करना है।
- पहल में शामिल संगठन: इस पहल को विश्व के छह सबसे बड़े युवा संगठनों के साथ-साथ विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) और संयुक्त राष्ट्र (UN) फाउंडेशन द्वारा समर्थन प्राप्त है। **अत: कथन 2 सही है।**
- आवश्यकता: आँकड़ों के मुताबिक, महामारी प्रतिक्रिया उपायों से विश्व भर के लगभग 1.2 बिलियन युवा प्रभावित हुए हैं।
  - महामारी के कारण शिक्षा, रोज़गार, सेवाओं के वितरण और सामाजिक समर्थन में आए व्यवधान ने एक पूरी पीढ़ी के भविष्य को प्रभावित किया है।

**नोट :**

- वित्तपोषण: 'कोविड-19 सॉलिडैरिटी रिस्पॉन्स फंड' के समर्थन से 'ग्लोबल यूथ मोबिलाइज़ेशन' द्वारा विश्व भर में युवाओं के नेतृत्व में समाधानों और कार्यक्रमों का समर्थन तथा उनका विस्तार किया जाएगा।
  - 'कोविड-19 सॉलिडैरिटी रिस्पॉन्स फंड' को विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा 'संयुक्त राष्ट्र फाउंडेशन' और 'स्विस फिलांथ्रोपी फाउंडेशन' की मदद से स्थापित किया गया था।

**36.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- आपदा प्रबंधन अधिनियम (Disaster Management Act), 2005 को वर्ष 2005 में भारत सरकार द्वारा आपदाओं के कुशल प्रबंधन और इससे जुड़े अन्य मामलों के लिये पारित किया गया था। हालाँकि यह जनवरी 2006 में लागू हुआ।
  - यह राष्ट्रीय, राज्य और ज़िला स्तरों पर संस्थानों की एक व्यवस्थित संरचना बनाए रखता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इस अधिनियम के उद्देश्य में आपदा प्रबंधन में शमन रणनीति तैयार करना, क्षमता निर्माण करना आदि शामिल है।
  - इस अधिनियम की धारा 2 (d) में "आपदा" को परिभाषित किया गया है, जिसके अंतर्गत आपदा का अर्थ प्राकृतिक या मानव निर्मित कारणों से उत्पन्न किसी भी क्षेत्र में "तबाही, दुर्घटना, आपदा या गंभीर घटना" से है।
- यह अधिनियम गृह मंत्रालय को समग्र राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन को संचालित करने के लिये नोडल मंत्रालय के रूप में नामित करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (National Disaster Management Authority) आपदाओं के प्रति समय पर और प्रभावी प्रतिक्रिया के लिये नीतियाँ, योजनाएँ तथा दिशा-निर्देश तैयार करने हेतु यह एक शीर्ष निकाय है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
  - आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की धारा 8 के अंतर्गत राष्ट्रीय प्राधिकरण को उसके कार्यों के निष्पादन में सहायता देने के लिये एक राष्ट्रीय कार्यकारी समिति (National Executive Committee) का गठन किया गया है।

**37.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या**

- राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन एवं मधु मिशन (NBHM) की घोषणा 'आत्मनिर्भर भारत' योजना के हिस्से के रूप में की गई थी। यह एक केंद्रीय क्षेत्रक योजना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- 'राष्ट्रीय मधुमक्खी बोर्ड' (NBB) द्वारा क्रियान्वित किया जा रहा राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन एवं मधु मिशन (NBHM) का उद्देश्य 'मीठी क्रांति' के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु देश में वैज्ञानिक मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देना और उसका विकसित सुनिश्चित करना है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - लघु कृषक कृषि व्यापार संघ (SFAC) ने वर्ष 2000 में सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के तहत NBB को एक सोसायटी के रूप में पंजीकृत किया था और जून 2006 में इसका पुनर्गठन किया गया था।

**38.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- एआईएम-प्राइम (AIM-PRIME- नवाचार, बाज़ार परकता और उद्यमिता पर शोध कार्यक्रम) का उद्देश्य 12 महीने की अवधि के प्रशिक्षण और मार्गदर्शन से विज्ञान आधारित ठोस प्रौद्योगिकी (Deep Technology) के विचारों को बढ़ावा देना है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - ठोस प्रौद्योगिकी मूर्त इंजीनियरिंग नवाचार या वैज्ञानिक प्रगति और खोजों पर आधारित होती है। इसे अक्सर उच्च स्तर की ज्ञान सामग्री के आधार पर अलग किया जाता है, जिससे विभेदन या परिवर्तन उत्प्रेरित हो सकता है।

- एआईएम ने इस राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम को लॉन्च करने के लिये बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन (Bill & Melinda Gates Foundation) के साथ सहयोग किया है जिसे वेंचर सेंटर (Venture Centre) द्वारा कार्यान्वित किया जाएगा। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

39.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- ब्रुसेलोसिस विभिन्न ब्रूसेला प्रजातियों के कारण होने वाला एक जीवाणु रोग है, जो मुख्य रूप से मवेशियों, सूअर, बकरियों, भेड़ों और कुत्तों को संक्रमित करता है। **अतः विकल्प B सही है।**
- इसे माल्टा ज्वर या भूमध्य ज्वर के रूप में भी जाना जाता है।
- ब्रुसेलोसिस भारत में भी एक स्थानिक बीमारी है इससे डेयरी उद्योग को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है और यह निम्नलिखित का कारक है-
  - बाँझपन
  - गर्भपात
  - पशु के कमजोर बच्चे का जन्म
  - उत्पादकता में कमी

40.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- ब्लू फ्लैग समुद्र तटों को विश्व का सबसे स्वच्छ समुद्र तट माना जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - ब्लू फ्लैग विश्व के मान्यता प्राप्त स्वैच्छिक पर्यावरण-लेबल में से एक है जिसे समुद्र तटों, मैरिन और स्थायी नौका विहार पर्यटन ऑपरेटरों को प्रदान किया जाता है।
- ब्लू फ्लैग हेतु अर्हता प्राप्त करने के लिये कठोर पर्यावरणीय, शैक्षिक, सुरक्षा और अभिगम्यता मानदंडो की एक श्रृंखला को पूरा करना तथा बनाए रखना आवश्यक है।
- ब्लू फ्लैग प्रमाणीकरण हेतु अर्हता प्राप्त करने के लिये लगभग 33 मानदंड हैं-
  - जैसे कि पानी की गुणवत्ता के कुछ मानकों को पूरा करना, अपशिष्ट निपटान की सुविधा होना, दिव्यांगों के प्रति संवेदनशील या उनकी सहायता करना, प्राथमिक चिकित्सा उपकरण का होना और समुद्र तट के मुख्य क्षेत्रों में पालतू जानवरों की पहुँच न होना।
- कुछ मानदंड स्वैच्छिक हैं और कुछ अनिवार्य होते हैं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- भारत में आठ समुद्र तट हैं जिन्हें ब्लू फ्लैग प्रमाणन प्राप्त हुआ है:
  - शिवराजपुर, गुजरात
  - घोघला, दमन व दीव
  - कासरकोड, कर्नाटक
  - पदुबिद्री तट, कर्नाटक
  - कप्पड़, केरल
  - रुशिकोंडा, आंध्र प्रदेश
  - गोल्डन बीच, ओड़िसा
  - राधानगर तट, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

41.

उत्तर: C

व्याख्या:

- यह भेड़ों से संबंधित एक गंभीर वायरल बीमारी है और इसका वायरस बकरी (कार्पीपॉक्सीवायरस) से निकटता से संबंधित है।
  - 'क्लासिकल स्वाइन फीवर' (CSF) जिसे 'हॉग हैजा' के नाम से भी जाना जाता है, यह सूअरों से संबंधित एक महत्त्वपूर्ण बीमारी है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इस वायरस का संबंध 'गांठदार त्वचा रोग' (lumpy Skin Disease) के वायरस से भी है। **अत: कथन 2 सही है।**
- इसमें व्यापक रूप से त्वचा संबंधी समस्या उत्पन्न होती है।
- इसका प्रभाव दक्षिण-पूर्वी यूरोप, अफ्रीका और एशिया के कुछ हिस्सों तक सीमित है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

42.

उत्तर: C

व्याख्या

- सूक्ष्म वित्त संस्थाएँ (MFI) उन कंपनियों को कहा जाता है जो निम्न आय वर्ग के लोगों को अपना व्यवसाय शुरू करने के लिये सस्ती ब्याज दरों पर कर्ज उपलब्ध कराते हैं।
  - इसकी सेवाओं में सूक्ष्म ऋण,सूक्ष्म बचत और सूक्ष्म बीमा शामिल है।
- MFI वित्तीय कंपनियाँ उन लोगों को छोटे ऋण प्रदान करती हैं जो समाज के वंचित और कमजोर वर्गों से हैं तथा जिनके पास बैंकिंग सुविधाओं तक पहुँच उपलब्ध नहीं है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - सूक्ष्म ऋण का अभिप्राय अलग-अलग देशों में भिन्न होता है। भारत में 1 लाख रुपए से कम के सभी ऋणों को माइक्रोलोन या सूक्ष्म ऋण माना जा सकता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- पिछले कुछ दशकों में माइक्रोफाइनेंस क्षेत्र तेजी से बढ़ा है और वर्तमान में इनके पास भारत की गरीब आबादी के लगभग 102 मिलियन खाते (बैंकों और छोटे वित्त बैंकों सहित) हैं।
- भारत में गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियाँ (Non Banking Finance Company) और MFIs का रिज़र्व बैंक के गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी-माइक्रो फाइनेंस इंस्टीट्यूशंस (रिज़र्व बैंक) निर्देश, 2011 द्वारा नियमन किया जाता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

43.

उत्तर: A

व्याख्या:

- हार्लेक्विन इचथ्योसिस (Harlequin Ichthyosis) नवजात शिशुओं को होने वाला एक दुर्लभ आनुवंशिक त्वचा विकार है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह विकार माता-पिता से नवजात को ऑटोसोमल रिसेसिव पैटर्न (Autosomal Recessive Pattern) से प्राप्त होता है।
- यह विकार ABCA12 जीन में परिवर्तन (उत्परिवर्तन) के कारण हो सकता है।
  - नवजात शिशुओं की टूटी-फूटी त्वचा को पतली परतों से ढक दिया जाता है ताकि श्वास और खाने की प्रक्रिया बाधित नहीं हो।
  - शीघ्र प्रसव से नवजातों को समय से पूर्व जन्म से होने वाली जटिलताओं का खतरा रहता है।
- प्रभावित जनसंख्या:
  - इससे पुरुषों और महिलाओं की संख्या समान रूप से प्रभावित होती है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - इससे प्रत्येक 5,00,000 व्यक्तियों में लगभग एक व्यक्ति प्रभावित रहता है।
  - पूरे विश्व में ऐसे लगभग 250 मामले हैं।

नोट :

- इलाज़:
  - हार्लेक्विन इचथ्योसिस वाले नवजात शिशु को अच्छी देखभाल की आवश्यकता होती है, जिसके अंतर्गत उच्च आर्द्रता के साथ गर्म इनक्यूबेटर में समय बिताना भी शामिल है।

44.

उत्तर: B

व्याख्या:

- नोट्रे डेम ग्लोबल एडेप्टेशन इनिशिएटिव (ND-GAIN) नोट्रे डेम पर्यावरण परिवर्तन पहल (ND-ECI) विश्वविद्यालय के जलवायु परिवर्तन अनुकूलन कार्यक्रम का हिस्सा है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- ND-GAIN से संबंधित देशों का सूचकांक यह आकलन करता है कि कौन से देशों ने अतिवृष्टि, संसाधन-बाधाओं और जलवायु व्यवधान द्वारा उत्पन्न वैश्विक परिवर्तनों से निपटने के लिये बेहतर संरचना तैयार की है। **अत: कथन 2 सही है।**
- यह सूचकांक 20 वर्षों से 180 से अधिक देशों की वार्षिक भेद्यता के आधार पर स्थानों का आकलन करता है और साथ ही यह भी आकलित करता है कि ये अनुकूलन के लिये कितने तैयार हैं।
  - भेद्यता या संवेदनशीलता को छ: जीवन सहायक क्षेत्रों में मापा जाता है - खाद्य, जल, स्वास्थ्य, पारिस्थितिकी तंत्र सेवा, मानव आवास और बुनियादी ढाँचा।
  - समग्र तत्परता को तीन घटकों में मापा जाता है- आर्थिक तत्परता, शासन तत्परता और सामाजिक
  - तत्परता।

**45.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- WHO द्वारा अपनी 'ई-2025 पहल' (E-2025 Initiative) के तहत ऐसे 25 देशों की पहचान की गई है, जिन्हें वर्ष 2025 तक मलेरिया मुक्त देश बनाना है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - वर्ष 2017 में WHO द्वारा ई-2025 पहल की शुरुआत की गई। इस पहल का उद्देश्य वर्ष 2020 तक ऐसे देशों के समूह का समर्थन करना है जो अपने यहाँ मलेरिया के मामलों को ज़ीरो स्तर तक लाने हेतु प्रतिबद्ध है।
  - ई-2025 की सफलताओं को ध्यान में रखते हुए WHO द्वारा ऐसे 25 देशों के समूह की पहचान की गई है जो आने वाले पाँच वर्षों में अपने यहाँ मलेरिया को पूरी तरह से समाप्त करने में सक्षम है।
- मानव शरीर में प्रवेश करने के बाद, परजीवी शुरू में यकृत कोशिकाओं के भीतर वृद्धि करते हैं उसके बाद लाल रक्त कोशिकाओं ( Red Blood Cells- RBCs) को नष्ट करते हैं जिसके परिणामस्वरूप RBC की क्षति होती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- इस रोग की रोकथाम एवं इलाज़ दोनों ही संभव हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

**46.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- फ्री एंड ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर(FOSS) को फ्री/लिब्रे ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर (FLOSS) या फ्री/ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर (F/OSS) के रूप में भी जाना जाता है।
  - FOSS सॉफ्टवेयर नि:शुल्क नहीं है। **अत:कथन 1 सही नहीं है।**
  - शब्द "मुफ्त या फ्री" इंगित करता है कि सॉफ्टवेयर के कॉपीराइट पर कोई प्रतिबंध नहीं है।
- यह अन्य लोगों को भी सॉफ्टवेयर (एक समुदाय की तरह) के विकास और सुधार में योगदान करने की अनुमति देता है ।
- भारत की कुछ बड़ी सरकारी परियोजनाओं (आधार सहित) और कई प्रौद्योगिकी आधारित स्टार्ट-अप्स को भी FOSS की मदद से विकसित किया गया है। **अत: कथन 2 सही है।**

नोट :

- हाल ही में इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) ने सरकार में फ्री एंड ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर (FOSS) को प्रचालित करने में तेज़ी लाने के लिये #FOSS4GOV इनोवेशन चैलेंज की घोषणा की है। **अतः कथन 3 सही है।**

**47.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- भारतीय और फ्रांसीसी नौसेनाएँ वर्ष 1993 से द्विपक्षीय समुद्री अभ्यास कर रही हैं। इन अभ्यासों को वर्ष 2001 से 'वरुण' (VARUNA) कहा जाता है।
    - ये अभ्यास भागीदार नौसेनाओं के बीच के साझा मूल्यों को आगे बढ़ाते हैं और खुले तथा स्वतंत्र सामुद्रिक परिवेश को सुनिश्चित करते हैं।
- भारत और फ्राँस की नौसेनाओं के द्विपक्षीय अभ्यास 'वरुण-2021' (VARUNA-2021) का 19वाँ संस्करण अरब सागर (Arabian Sea) में आयोजित किया गया।
    - इस अभ्यास में संयुक्त अरब अमीरात (UAE) पहली बार भाग लिया।
- यह अभ्यास फाँसीसी कैरियर स्ट्राइक ग्रुप 'CLEMENCEAU 21' की तैनाती का हिस्सा है, जो कि फ्राँसीसी नौसेना पूर्वी भूमध्य सागर और हिंद महासागर (अरब सागर) में आयोजित कर रही है।
    - इसका लक्ष्य सहयोगी देशों के साथ सामरिक क्षेत्रों में स्थिरीकरण को सुनिश्चित करना है, विशेष रूप से हिंद महासागर में भारत की नौसेनाओं के साथ सहयोग को मज़बूत करना है। **अतः विकल्प ( B ) सही है।**

48.

उत्तर: B

व्याख्या:

- 'वेज़ एंड मीन्स एडवांस' (WMA) की शुरुआत वर्ष 1997 में की गई थी इसका उद्देश्य सरकार की प्राप्तियों और भुगतान के नकदी प्रवाह में अस्थायी बेमेल को दूर करना। **अतः कथन 1 सही है।**
- यदि आवश्यक हो तो सरकार भारतीय रिज़र्व बैंक से तत्काल नकद ले सकते हैं, लेकिन उसे 90 दिनों के अंदर यह राशि लौटानी होगी। **अतः कथन 2 सही है।**
- इसमें ब्याज मौजूदा रेपो दर पर लिया जाता है:
    - भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 17 (5) केंद्रीय बैंक को केंद्र और राज्य सरकारों को उधार देने के लिये अधिकृत करता है , जो उनके देय ( अग्रिम के निर्माण की तारीख से तीन महीने बाद नहीं) के अधीन है।
    - यदि WMA 90 दिनों से अधिक हो जाता है , तो इसे ओवरड्राफ्ट के रूप में माना जाएगा ( ओवरड्राफ्ट पर ब्याज दर रेपो दर से 2 प्रतिशत अधिक है)। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
    - WMA (केंद्र के लिये) की सीमा सरकार और RBI द्वारा पारस्परिक रूप से और समय-समय पर संशोधित की जाती है।
        - WMA (केंद्र के लिये) की सीमा सरकार और RBI द्वारा पारस्परिक रूप से और समय-समय पर संशोधित की जाती है।
        - एक उच्च सीमा तक सरकार को RBI से (बाज़ार से उधार लिये बिना) ऋण लेने की सुविधा प्रदान करती है।
    - वेज़ और मीन्स एडवांस दो प्रकार के होते हैं- सामान्य और विशेष।
        - राज्य द्वारा आयोजित सरकारी प्रतिभूतियों के संपार्श्विक के खिलाफ एक विशेष WMA या विशेष आहरण सुविधा प्रदान की जाती है।
        - राज्य द्वारा SDF की सीमा समाप्त हो जाने के बाद, यह सामान्य WMA हो जाता है।
        - SDF के लिये ब्याज दर रेपो दर से एक प्रतिशत कम है।
        - सामान्य WMA के तहत ऋण की संख्या राज्य के वास्तविक राजस्व और पूंजीगत व्यय के तीन साल के औसत पर आधारित है।

नोट :

**49.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- वर्ष 1992 में राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम, 1992 के अधिनियमन के साथ ही अल्पसंख्यक आयोग एक सांविधिक/वैधानिक (Statutory) निकाय बन गया और इसका नाम बदलकर राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग (NCM) कर दिया गया।
- वर्ष 1993 में, पहले वैधानिक राष्ट्रीय आयोग का गठन किया गया और पाँच धार्मिक समुदायों- मुस्लिम, ईसाई, सिख, बौद्ध और पारसी को अल्पसंख्यक समुदायों के रूप में अधिसूचित किया गया।
    - वर्ष 2014 में जैन धर्म को भी अल्पसंख्यक समुदाय के रूप में अधिसूचित किया गया था।
- भारत सरकार द्वारा देश में छ: धर्मों मुस्लिम, ईसाई, सिख, बौद्ध और पारसी (पारसी) और जैन को धार्मिक अल्पसंख्यक घोषित किया है। अत: कथन 2 सही है।
- राष्ट्रीय अल्पसंख्यक शिक्षा संस्थान अधिनियम' (NCMEIA), 2004:
    - यह अधिनियम सरकार द्वारा अधिसूचित छह धार्मिक समुदायों के आधार पर शैक्षणिक संस्थानों को अल्पसंख्यक का दर्जा प्रदान करता है।
- भारतीय संविधान में "अल्पसंख्यक" शब्द को परिभाषित नहीं किया गया है। हालाँकि संविधान धार्मिक और भाषायी अल्पसंख्यकों को मान्यता देता है। **अत: कथन 1 सही है।**

50.

उत्तर: C

व्याख्या:

- भगवान महावीर का जन्म 540 ईसा पूर्व में 'वज्जि साम्राज्य' में कुंडग्राम के राजा सिद्धार्थ और लिच्छवी राजकुमारी रानी त्रिशला के यहाँ हुआ था। वज्जि संघ आधुनिक बिहार में वैशाली क्षेत्र के अंतर्गत आता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- भगवान महावीर 'इक्ष्वाकु वंश' (Ikshvaku dynasty) से संबंधित थे।
- बचपन में भगवान महावीर का नाम वर्धमान था, जिसका अर्थ होता है 'जो बढ़ता है'।
- उन्होंने 30 वर्ष की आयु में सांसारिक जीवन को त्याग दिया और 42 वर्ष की आयु में उन्हें 'कैवल्य' यानी सर्वज्ञान की प्राप्ति हुई।
- महावीर ने अपने शिष्यों को अहिंसा, सत्य, अस्तेय (चोरी न करना), ब्रह्मचर्य (शुद्धता) तथा अपरिग्रह (अनासक्ति) का पालन करने की शिक्षा दी और उनकी शिक्षाओं को 'जैन आगम' (Jain Agamas) कहा गया। अत: कथन 2 सही है।
- प्राकृत भाषा के प्रयोग के कारण प्राय: आम जनमानस भी महावीर और उनके अनुयायियों की शिक्षाओं एवं उपदेशों को समझने में समर्थ थे।
- महावीर को बिहार में आधुनिक राजगीर के पास पावापुरी नामक स्थान पर 468 ईसा पूर्व में 72 वर्ष की आयु में निर्वाण (जन्म और मृत्यु के चक्र से मुक्ति) प्राप्त हुआ।

**51.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने वर्ष 1915-16 में ऑटोमन तुर्कों (Ottoman Turks) द्वारा अर्मेनियाई लोगों की सामूहिक हत्याओं को आधिकारिक तौर पर 'नरसंहार' (Genocide) के रूप में मान्यता दे दी है।
    - अर्मेनियाई प्रवासी 24 अप्रैल को 'अर्मेनियाई नरसंहार स्मरण दिवस' (Armenian Genocide Remembrance Day) के रूप में चिह्नित करते हैं।
    - अर्मेनियाई नरसंहार को 20वीं सदी का पहला नरसंहार कहा जाता है। अत: कथन 1 सही है।
    - यह वर्ष 1915 से 1917 तक तुर्क साम्राज्य में हुए अर्मेनियाई लोगों के व्यवस्थित विनाश को उल्लेखित करता है।

- भारत, जिसने औपचारिक रूप से अर्मेनियाई नरसंहार को मान्यता नहीं दी है, ने मुख्य रूप से इस क्षेत्र में अपने व्यापक विदेश नीति निर्णयों और भू-राजनीतिक हितों को ध्यान में रखते हुए अपना पक्ष रखा है। **अतः कथन 2 सही है।**
- यद्यपि भारत द्वारा नरसंहार पर संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन की पुष्टि की गई है, किंतु भारत के पास नरसंहार से संबंधित कोई राष्ट्रीय कानून नहीं है।

**52.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- हाल ही में चांडलर 'गुड गवर्नेंस इंडेक्स' (CGGI) में भारत को 49वाँ स्थान प्राप्त हुआ।
    - इस सूची में फिनलैंड शीर्ष स्थान पर है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- CGGI को चांडलर इंस्टीट्यूट ऑफ गवर्नेंस द्वारा जारी किया गया है। यह एक निजी गैर-लाभकारी संगठन है जिसका मुख्यालय सिंगापुर में स्थित है। अतः कथन 1 सही है।
    - यह सूचकांक 104 देशों के सरकारी क्षमताओं और परिणामों को वर्गीकृत करता है।
- देश में शासन की स्थिति प्रभावों का आकलन करने के लिये 'कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय' (The Ministry of Personnel, Public Grievances & Pensions) द्वारा भारतीय सुशासन सूचकांक (Good Governance Index- GGI) की शुरुआत की गई है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
    - जिसके द्वारा केंद्रशासित प्रदेशों सहित केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा जनता के हित में किये गए विभिन्न हस्तक्षेपों के प्रभाव का आकलन किया जा सके।

**53.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- पॉवर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (Power Grid Corporation of India) ने अपना इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (InvIT) - पॉवर ग्रिड इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (Power Grid Infrastructure Investment Trust- PGInvIT) लॉन्च किया है।
    - यह पहली बार है जब एक राज्य के स्वामित्व वाली इकाई 'इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट' के माध्यम से अपनी परिसंपत्तियों का मुद्रीकरण कर रही है।
    - यह 'IRB InvIT' और 'इंडिया ग्रिड ट्रस्ट' के बाद भारतीय बाज़ारों में सूचीबद्ध होने वाला तीसरा InvIT होगा। 'IRB InvIT' और 'इंडिया ग्रिड ट्रस्ट' दोनों को ही वर्ष 2017 में सार्वजनिक किया गया था। अतः कथन 1 सही नहीं है।
    - सरकारी सहायता पर निर्भर हुए बिना धन संबंधी आवश्यकताओं का प्रबंधन करने के लिये राज्य-संचालित कंपनियों को एक वैकल्पिक धन संग्रहण मार्ग प्रदान करने हेतु केंद्र सरकार द्वारा InvIT मार्ग प्रस्तावित किया गया था।
- पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (PGCIL) यह विद्युत मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में एक पब्लिक लिमिटेड कंपनी है। **अतः कथन 2 सही है।**
    - यह देश की सबसे बड़ी बिजली ट्रांसमिशन कंपनी है।
    - इसने अपना व्यावसायिक संचालन वर्ष 1992-93 में शुरू किया था और वर्तमान में यह एक महारत्न कंपनी है।

**54.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- दंतक परियोजना (Project DANTAK) की स्थापना 24 अप्रैल, 1961 को हुई थी। सीमा सड़क संगठन (Border Roads Organisation-BRO) की सबसे पुरानी परियोजनाओं में से एक 'दंतक परियोजना' ने भूटान में अपनी 'डायमंड जुबली' पूरी की है। **अतः कथन 1 सही है।**

नोट :

- यह भूटान के तीसरे राजा और भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के दूरदर्शी नेतृत्व का परिणाम था।
  - इस परियोजना के तहत अग्रणी मोटर योग्य सड़कों के निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। अत: कथन 2 सही है।
- इस संगठन की स्थापना तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू द्वारा वर्ष 1960 में देश के उत्तर और उत्तर-पूर्वी सीमा क्षेत्रों में सड़कों के नेटवर्क के त्वरित विकास के लिये की गई थी।
  - यह रक्षा मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में काम करता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**55.**

**उत्तर : D**

**व्याख्या:**

- कृषि वानिकी, सामाजिक वानिकी का महत्त्वपूर्ण भाग है। इसके अंतर्गत किसान एक खेत में फसल उगाने के साथ-साथ पेड़, चारा पैदा करने वाले पौधे, घास व फलीदार फसलें भी उगाते हैं।
  - यह फसलों की स्थायी और अस्थायी विविधता दोनों को बढ़ावा देता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- विभिन्न फसलों को किसी निश्चित क्षेत्र पर, निश्चित क्रम से, किसी निश्चित समय में बोने को शस्य आवर्तन (शस्यचक्र या फसल चक्र (क्रॉप रोटेशन)) कहते हैं। अधिकतर फसल चक्र के माध्यम से अस्थायी विविधता प्राप्त की जाती है क्योंकि यह अनुक्रमिक फसल है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**56.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- ब्रिटेन ने भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता के लिये अपने समर्थन की पुष्टि की है।
  - जी 20 देशों में ब्रिटेन भारत में सबसे बड़े निवेशकों में से एक है।
- भारत और यूके के मध्य रक्षा अभ्यास:
  - वायु सेना का अभ्यास 'इंद्रधनुष '।
  - नौसेना अभ्यास कोंकण।
  - सैन्य अभ्यास: अजेय वारियर। **अत: कथन 2 सही है।**
- हाल ही में ब्रिटिश सरकार ने कहा कि यूके कैरियर स्ट्राइक ग्रुप को "दुनिया भर के मध्य स्थापित करने के लिये भारत, जापान, कोरिया गणराज्य और सिंगापुर की यात्राएँ करनी होंगी।"
  - इसका नेतृत्त्व विमानवाहक पोत एचएमएस क्वीन एलिजाबेथ द्वारा किया जाएगा।
  - यह उत्तरी अटलांटिक से हिंद-प्रशांत तक एक वैश्विक तैनाती होगी। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**

**57.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन (Liquid Medical Oxygen) मानव उपयोग के लिये उपयुक्त उच्च शुद्धता ऑक्सीजन है, जिसका उपयोग चिकित्सा उपचार हेतु किया जाता है।
  - यह ऑक्सीजन लगभग सभी आधुनिक संवेदनाहारी तकनीकों का आधार है जो ऑक्सीजन की उपलब्धता, हृदय स्थिरता आदि को बढ़ाकर शरीर की ऑक्सीजन मांग को पूरा करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- विश्व स्वास्थ्य संगठन (World Health Organisation) ने इसे अपनी आवश्यक दवाओं की सूची में शामिल किया है।
  - इसे ड्रग प्राइस कंट्रोल ऑर्डर, 2013 के अनुसार आवश्यक दवाओं की राष्ट्रीय सूची (National List of Essential Medicine) के अंतर्गत रखा गया है। **अत: कथन 2 सही है।**

नोट :

58.

उत्तर: B

**व्याख्या :**

- हाल ही में सऊदी अरब द्वारा जलवायु परिवर्तन के खतरे से निपटने हेतु सऊदी ग्रीन इनिशिएटिव (Saudi Green Initiative) और मिडिल ईस्ट ग्रीन इनिशिएटिव (Middle East Green Initiative) की शुरुआत की गई है। अत : कथन 1 सही नहीं है ।
- इस पहल का उद्देश्य वनस्पति आवरण को बढ़ाना, कार्बन उत्सर्जन को कम करना, प्रदूषण और भूमि क्षरण को कम करना और समुद्री जीवन को संरक्षि त करना है।
- मिडिल ईस्ट ग्रीन इनिशिएटिव :
  - इस पहल का उद्देश्य समुद्री और तटीय पर्यावरण को संरक्षित करना, प्राकृतिक भंडार और संरक्षित भूमि के अनुपात में वृद्धि, तेल उत्पादन के नियमन में सुधार, स्वच्छ ऊर्जा हेतु नवीकरणीय ऊर्जा संसाधनों द्वारा ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देना है। **अत : कथन 2 सही है ।**

59.

उत्तर: C

**व्याख्या:**

- एकीकृत थियेटर कमांड का आशय सुरक्षा और रणनीतिक दृष्टि से महत्त्वपूर्ण किसी भौगोलिक क्षेत्र के लिये एक ही कमान के अधीन तीनों सशस्त्र सेनाओं (थल सेना, वायुसेना और नौसेना) की एकीकृत कमांड से है।
  - इन बलों (थल सेना, वायुसेना और नौसेना) के कमांडर अपनी क्षमताओं के साथ किसी भी विपरीत परिस्थिति में सभी संसाधनों को वहन करने में सक्षम होंगे।
  - एकीकृत थिएटर कमांड 'व्यक्तिगत सेवाओं' (Individual Services) के प्रति जवाबदेह नहीं होगा। अत: कथन 2 सही है।
  - तीनो बलों का एकीकरण संसाधनों के दोहराव को कम करेगा। एक सेवा के तहत उपलब्ध संसाधन को अन्य सेवाओं में भी उपयोग किया जा सकेगा।
  - इससे रक्षों को एक-दूसरे को बेहतर तरीके से जानने का अवसर मिलेगा, जिससे रक्षा प्रतिष्ठान में बेहतर सामंजस्य स्थापित हो सकेगा।
  - शेकतकर समिति (Shekatkar committee) ने तीन 3 एकीकृत थिएटर कमांड बनाने की सिफारिश की है - चीन सीमा हेतु उत्तरी कमांड , पाकिस्तान सीमा हेतु पश्चिमी कमांड और समुद्री क्षेत्र हेतु दक्षिणी कमांड। **अत: कथन 1 सही है।**

60.

उत्तर: C

**व्याख्या:**

- हाल ही में भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया ने भारत-प्रशांत क्षेत्र में आपूर्ति शृंखला में चीन के प्रभुत्व का मुकाबला करने के लिये औपचारिक रूप से 'सप्लाई चैन रेज़ीलिएंस इनीशिएटिव' (SCRI) की शुरुआत की है।
  - SCRI का लक्ष्य इस क्षेत्र में मज़बूत, स्थायी, संतुलित और समावेशी विकास सुनिश्चित करने के लिये लचीली आपूर्ति शृंखला का निर्माण करना है।
- वर्ष 2020 में भारत और जापान ने एक रसद समझौते पर हस्ताक्षर किये थे, जो दोनों देशों के सशस्त्र बलों को सेवाओं और आपूर्ति में निकट समन्वय स्थापित करने की अनुमति देगा। इस समझौते को 'अधिग्रहण और क्रॉस-सर्विसिंग समझौते' (ACSA) के रूप में जाना जाता है।
- वर्ष 2014 में भारत और जापान ने अपने संबंधों को 'विशेष रणनीतिक और वैश्विक भागीदारी' के क्षेत्र में उन्नत किया था।
- अगस्त 2011 में लागू 'भारत-जापान व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता' (CEPA) वस्तुओं और सेवाओं के व्यापार, निवेश, बौद्धिक संपदा अधिकार, कस्टम प्रक्रियाओं और व्यापार से संबंधित अन्य मुद्दों को शामिल करता है।

नोट :

- भारत और जापान के रक्षा बलों के बीच विभिन्न द्विपक्षीय अभ्यासों का आयोजन किया जाता है, जिसमें JIMEX (नौसेना), SHINYUU मैत्री (वायु सेना) और धर्म गार्जियन (थल सेना) आदि शामिल हैं। दोनों देश संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ मालाबार अभ्यास (नौसेना अभ्यास) में भी भाग लेते हैं। **अत: विकल्प C सही है।**

**61.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- परिसंपत्ति पुनर्निर्माण कंपनियाँ विशेष वित्तीय संस्थान हैं जो बैंकों और वित्तीय संस्थानों से 'नॉन परफॉर्मिंग एसेट्स' (Non Performing Assets- NPAs) खरीदते हैं ताकि वे अपनी बैलेंसशीट को स्वच्छ रख सकें। **अत: कथन 1 सही है।**
  - जब ऋण लेने वाला व्यक्ति 90 दिनों तक ब्याज अथवा मूलधन का भुगतान करने में विफल रहता है तो उसको दिया गया ऋण गैर-निष्पादित परिसंपत्ति माना जाता है।
  - यह बैंकों को सामान्य बैंकिंग गतिविधियों में ध्यान केंद्रित करने में मदद करता है। बैंकों द्वारा बकाएदारों पर अपना समय और प्रयास बर्बाद करने के बजाय वे ARC को अपना NPAs पारस्परिक रूप से सहमत मूल्य पर बेच सकते हैं।
- सिक्योरिटाइज़ेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड एनफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट' (SARFAESI) Act, 2002 भारत में ARCs की स्थापना के लिये कानूनी आधार प्रदान करता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
    - सरफेसी अधिनियम न्यायालयों के हस्तक्षेप के बिना गैर-निष्पदनकारी संपत्ति के पुनर्निर्माण में मदद करता है। इस अधिनियम के तहत बड़ी संख्या में ARCs का गठन और उन्हें भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) के साथ पंजीकृत किया गया।
  - RBI को ARCs को विनियमित करने की शक्ति मिली है। **अत: कथन 3 सही है।**

**62.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- सप्लाई चैन रेज़ीलिएंस इनीशिएटिव (Supply Chain Resilience Initiative) का उद्देश्य इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में स्थायी, संतुलित और समावेशी विकास को प्राप्त करने के लिये आपूर्ति श्रृंखला को बेहतर तथा अधिक लचीला बनाना है। अत: कथन 1 और 2 सही हैं।
- इस पहल को भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया के व्यापार मंत्रियों ने औपचारिक रूप से शुरू किया है। अत: कथन 3 सही नहीं है।
  - भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका के साथ क्वाड समूह में शामिल हैं।

**63.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- कोपिली फॉल्ट ज़ोन (Kopili fault zone) 300 किलोमीटर लंबा और 50 किलोमीटर चौड़ा है, जो मणिपुर के पश्चिमी भाग से भूटान, अरुणाचल प्रदेश और असम तीनों के मिलन बिंदु तक विस्तृत है। अत: कथन 2 सही है।
- यह भूकंपीय ज़ोन V में पाया जाने वाला अत्यधिक सक्रिय भूकंपीय क्षेत्र है, जो विवर्तनिक भूकंपीय घटनाओं से जुड़ा हुआ है, जहाँ भारतीय प्लेट यूरेशियन प्लेट के नीचे स्थित है। अत: कथन 1 सही है।

**64.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- रोगाणुरोधी प्रतिरोध (Antimicrobial Resistance-AMR) का तात्पर्य किसी भी सूक्ष्मजीव (बैक्टीरिया, वायरस, कवक, परजीवी, आदि) द्वारा एंटीमाइक्रोबियल दवाओं (जैसे- एंटीबायोटिक्स, एंटीफंगल, एंटीवायरल, एंटीमाइरियल और एंटीहेलमिंटिक्स) जिनका उपयोग संक्रमण के इलाज के लिये किया जाता है, के खिलाफ प्रतिरोध हासिल कर लेने से है। **अत: कथन 1 सही है।**

नोट :

- परिणामस्वरूप मानक उपचार अप्रभावी हो जाते हैं, संक्रमण जारी रहता है और दूसरों में फैल सकता है।
- रोगाणुरोधी प्रतिरोध विकसित करने वाले सूक्ष्मजीवों को कभी-कभी 'सुपरबग्स' के रूप मं। जाना जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- AMR पहले से ही प्रतिवर्ष 7,00,000 तक मौतों के लिये ज़िम्मेदार है।
- भारत में बड़ी आबादी के संयोजन के साथ बढ़ती हुई आय जो एंटीबायोटिक दवाओं की खरीद की सुविधा प्रदान करती है, संक्रामक रोगों का उच्च बोझ और एंटीबायोटिक दवाओं के लिये आसान ओवर-द-काउंटर उपयोग, प्रतिरोधी जीन की पीढ़ी को बढ़ावा देती हैं।
- स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय (MoHFW) ने AMR को विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के साथ सहयोगात्मक कार्यों के लिये शीर्ष 10 प्राथमिकताओं में से एक के रूप में पहचाना है। **अत: कथन 3 सही है।**
    - AMR प्रतिरोध: 2017-2021 पर राष्ट्रीय कार्य योजना तैयार की गई है।

**65.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- 69वें संशोधन अधिनियम, 1992 के द्वारा संविधान में दो नए अनुच्छेद 239AA और 239AB जोड़े गए, जिनके अंतर्गत केंद्रशासित प्रदेश दिल्ली को विशेष दर्जा दिया गया है। **अत: कथन 1 सही है।**
    - अनुच्छेद 239AA के अंतर्गत केंद्रशासित प्रदेश दिल्ली को 'राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली' बनाया गया और इसके प्रशासक को उपराज्यपाल (Lt. Governor) नाम दिया गया।
    - दिल्ली के लिये विधानसभा की व्यवस्था की गई जो पुलिस, भूमि और लोक व्यवस्था छोड़कर राज्य सूची और समवर्ती सूची के विषयों पर कानून बना सकती है।
    - यह दिल्ली के लिये एक मंत्रिपरिषद का भी प्रावधान करता है, जिसमें मंत्रियों की कुल संख्या विधानसभा के कुल सदस्यों की संख्या के 10% से अधिक नहीं होगी।
- दिल्ली की निर्वाचित सरकार से ऊपर उपराज्यपाल की शक्तियों को बढाने वाला दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र शासन (संशोधन) अधिनियम, [Government of National Capital Territory of Delhi (Amendment) Act] 2021 लागू कर दिया गया है। **अत: कथन 2 सही है।**

The Vision

नोट :